सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 221, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**सेंसेक्स में 58 अंकों की उछाल**

स्थानीय शेयर बाजार बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 57.75 अंक चढ़कर 80,597.66 अंक पर बंद हुआ। } 14

**आज का भारत स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर : बिरला**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्वसंध्या पर कहा कि आज का भारत स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर है। उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। } 16



# घाटी में बाढ़ की विनाशलीला

## किश्तवाड़ में बादल फटने से 46 लोगों की मौत, अबतक 120 को बचाया







एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर पहाड़ी गांव में बृहस्पतिवार को बादल फटने से सीआईएसएफ के दो जवानों समेत कम से कम 46 लोगों की मौत हो गयी, जिनके शव भी बरामद कर लिये गये हैं, जबकि कई अन्य के अब भी फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है और अब तक 167 लोगों को बचा लिया गया है जिनमें 38 की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि मृतकों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के दो जवान भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय आपदा ...शेष पृष्ठ 12 पर

### प्रदान की जायेगी हर संभव सहायता : मोदी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बादल फटने से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक ...शेष पृष्ठ 12 पर

### अमित शाह ने ली हालात की जानकारी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को किश्तवाड़ में बड़े पैमाने पर बादल फटने के बाद स्थिति का जायजा लेने के लिए जम्मू ...शेष पृष्ठ 12 पर

# डिजिटल युग में तेजी से बढ़ रहा है भारत

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया संबोधित

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह अकांक्षा है कि वर्ष 2047 तक भारत एआई का वैश्विक केंद्र बने। मुर्मू ने इस बात का उल्लेख किया कि डिजिटल युग में भारत में सबसे अधिक प्रगति, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में हुई है। राष्ट्रपति ने कहा लगभग सभी गांवों में 4जी मोबाइल संपर्क उपलब्ध है। शेष कुछ हजार गांवों में भी यह सुविधा शीघ्र ही पहुंचा दी जाएगी। इससे डिजिटल भुगतान तकनीकी को बड़े पैमाने पर अपनाना संभव हो पाया है। डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में भारत, कम समय में ही, विश्व का अग्रणी देश बन गया है। इससे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) को भी बढ़ावा मिला है। मुर्मू के अनुसार प्रौद्यागिकी विकास का अगला चरण एआई है जो सबके जीवन में अपना स्थान बना चुका है। उन्होंने कहा सरकार ने देश की एआई क्षमताओं को मजबूत करने के लिए इंडिया-एआई मिशन शुरू किया है। इस मिशन के तहत ऐसे मॉडल विकसित किए जाएंगे जो भारत की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। हमारी आकांक्षा है कि वर्ष 2047 तक भारत, एक वैश्विक एआई केंद्र बन जाए। इस दिशा में, सामान्य लोगों के लिए तकनीकी प्रगति का सर्वोत्तम उपयोग और प्रशासन-व्यवस्था में सुधार करके उनके जीवन को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की पूर्वसंध्या पर राष्ट्र के नाम दिए अपने संबोधन में यह भी कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से दूरगामी बदलाव किए गए हैं तथा शिक्षा को जीवन-मूल्यों से एवं ...शेष पृष्ठ 12 पर

# विकसित भारत का इंजन बनेगा यूपी

- विधायकों के मानदेय में बढ़ोतरी
- कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित



विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के 24 घण्टे पूरे होने पर मुख्यमंत्री के सम्बोधन के उपरांत गुरुवार को विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा में इस दौरान विधेयक पास होने के साथ ही विधायकों के वेतन, भत्तों में बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की गई। विधान सभा में जिस उत्तर प्रदेश राज्य विधानमंडल सदस्य तथा मंत्री सुख सुविधा विधि संशोधन विधेयक 2025 के पास होने की घोषणा की गई है, उससे सरकार के राजकोष पर एक अरब पांच करोड़ 21 लाख 63 हजार रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। वहीं विजन डॉक्यूमेंट में चर्चा के तहत बुधवार 11 बजे शुरू हुई विधानसभा की कार्यवाही पूरी रात चलती रही। यह कार्यवाही गुरुवार को सुबह 11 बजे ...शेष पृष्ठ 12 पर

### स्वतंत्रता दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश वासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दीं।

### विराज सागर दास ने भी दी बधाई



बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन और समाजसेवी विराज सागर दास ने आजादी की 79वीं वर्षगांठ और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर बधाई देते हुए कहा कि भारत मां का सम्मान ही हर भारतीय का अभिमान है।

### अवकाश की सूचना

स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

15 व 16 अगस्त यानी शुक्रवार व शनिवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 18 अगस्त सोमवार को प्रकाशित होगा। -संपादक

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप की वॉइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास ने डॉ. निरूपम बाजपेई का किया स्वागत

# 'वन ट्रिलियन डॉलर' की अर्थव्यवस्था बन रहा यूपी

### बीबीडी विश्वविद्यालय में विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. निरुपम बाजपेई ने दिया दूरदर्शी व्याख्यान



विशेष संवाददाता

लखनऊ। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू) के प्रबंधन संकाय द्वारा उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की रणनीतियां विषय पर एक महत्वपूर्ण विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री पद्मश्री डॉ. निरुपम बाजपेई, सीनियर एडवाइजर, सस्टेनेबल डेवलपमेंट एवं डायरेक्टर, साउथ एशिया प्रोग्राम, अर्थ इंस्टीट्यूट, कोलंबिया यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क (अमेरिका) द्वारा प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अपने कदम बढ़ा रहा है। योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के हर क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है, उन्होंने कहा कि एक जिला, एक उत्पाद योजना से जहां प्रदेश में उत्पादन बढ़ा है, वहीं देश दुनिया में उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्षमता की धाक भी जमी है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास ने निरूपम बापजेई का स्वागत किया। साथ ही बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास ने निरूपम बापजेई को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में बीबीडीयू के कुलपति प्रो. एसके श्रीवास्तव, प्रो वाइस चांसलर प्रो. एससी शर्मा, सभी संकायों के डीन, निदेशकगण, प्रतिष्ठित प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन से हुआ, जो ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक है। डॉ. बाजपेई ने अपने व्याख्यान में उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति के लिए बुनियादी ढांचे के विकास, कृषि आधुनिकीकरण, औद्योगिक विविधीकरण, कौशल संवर्धन, सतत प्रशासनिक नीतियां एवं वैश्विक निवेश रणनीतियों जैसे महत्वपूर्ण स्तंभों पर प्रकाश डाला। अपने व्यापक वैश्विक अनुभव के आधार पर उन्होंने डेटा आधारित नीति निर्माण, सार्वजनिक-निजी भागीदारी एवं समावेशी विकास मॉडल को लक्ष्य प्राप्ति का प्रमुख साधन बताया। उनका प्रेरणादायक और व्यावहारिक दृष्टिकोण पूरे कार्यक्रम में श्रोताओं को बांधे ...शेष पृष्ठ 12 पर










## राजभवन में हुआ सामूहिक रुद्राभिषेक

**लखनऊ।** राजभवन में सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने स्वयं रुद्राभिषेक में भाग लेकर भगवान शिव को जल, दूध, बेलपत्र एवं पुष्प अर्पित किए और प्रदेश तथा देश की शांति, समृद्धि और कल्याण की कामना की। रुद्राभिषेक में राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से सम्पूर्ण परिसर भक्तिमय एवं आध्यात्मिक वातावरण से भर गया। अनुष्ठान के बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी प्रतिभागियों को उपहार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।




# कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति ने देश को बर्बाद किया : सीएम

विशेष संवाददाता (vol)

- 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के मौके आयोजित प्रदर्शनी व संगोष्ठी का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के मौके पर आयोजित भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने 1947 के विभाजन को कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति का काला अध्याय करार देते हुए कहा कि इस भीषण त्रासदी ने सनातन भारत की एकता को तोड़कर देश को पीड़ा दी। उन्होंने कहा कि आज 14 अगस्त 1947 की विभाजन विभीषिका को याद करते हुए पूरा देश शोकाकुल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में इस दिन को



स्मृति दिवस घोषित कर इतिहास को जीवंत किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और देशवासियों को इतिहास से सबक लेने का आह्वान किया।

भागीदारी भवन में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस विभाजन में लगभग डेढ़ से दो करोड़ लोगों का पलायन हुआ, 15 से 20 लाख लोगों का कत्लेआम हुआ और लाखों भारतीयों को अपने ही घरों से बेघर होकर दर-दर की ठोकरें खानी पड़ी। यह त्रासदी इतनी भयानक थी कि आज तक इसके निशान भारतीय समाज में मौजूद हैं और यह कभी विस्मृत नहीं हो सकती। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौन पद यात्रा निकाली। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को गले लगाया, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता लालच में देश का बंटवारा कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिमी पाकिस्तान के लाहौर, कराची, रावलपिंडी, मुल्तान जैसे क्षेत्रों को हिंदू, सिख और बौद्ध विहीन बनाने का अभियान कांग्रेस की नीति का नतीजा था। इस हिंसा में 15-20 लाख लोगों की जान गई और करोड़ों विस्थापित हुए।

सीएम योगी ने कहा कि यह अत्याचारों की पराकाष्ठा थी, जिसे कांग्रेस ने बढ़ावा दिया। सीएम ने कांग्रेस पर विस्थापितों के प्रति उदासीनता का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जो हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन और ईसाई समुदाय के लोग घर-बार छोड़कर आए, उनके लिए तत्कालीन सरकार ने न स्मारक बनाए, न संग्रहालय स्थापित किए। उनकी पीड़ा को भुला दिया गया। इसके विपरीत, उन्होंने पीएम मोदी की सराहना की, जिन्होंने उअअ के जरिए शरणार्थियों को नागरिकता और पुनर्वास का अधिकार दिया। सीएम ने कहा कि पहली बार जम्मू-कश्मीर और अन्य क्षेत्रों में शरणार्थियों को उअअ से नागरिकता मिली। ये लोग भारत के विकास में योगदान दे रहे हैं, लेकिन कांग्रेस ने उनके पुनर्वास के लिए कभी प्रयास नहीं किया।

## विभाजन विभीषिका : भारत के इतिहास का सबसे दर्दनाक अध्याय : सीएम धामी

प्रमुख संवाददाता (vol)

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर काशीपुर, ऊधमसिंहनगर में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विभाजन स्मृति स्मारक स्थल का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने देश के विभाजन का दंश झेलने वालों को नमन करते हुए कहा कि 14 अगस्त 1947 का दिन हम कभी नहीं भूल सकते, जब मजहब की आड़ में भारत को दो हिस्सों में बांट दिया गया। जहां एक ओर 15 अगस्त 1947 को पूरा देश आजादी का जश्न मनाने की तैयारी कर रहा था। वहीं, उससे ठीक एक दिन पहले ही, देश को दो टुकड़ों में बांट दिया गया।

करोड़ों लोगों को विभाजन की



विभिषिका से गुजरते हुए अपने घर, गांव, खेत-खलिहान, दुकान-व्यापार और अपनों से बिछड़कर शरणार्थी के रूप में रहने को मजबूर होना पड़ा। आज भी उन लोगों की आंखों में वो पीड़ा है, जिनके मां-बाप इतिहास के उस काले दौर में उन्हें छोड़ कर इस दुनिया से चले गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए यह समझ पाना भी कठिन है कि देश की स्वतंत्रता के समय विभाजन की विभीषिका से गुजरने वाले लोगों ने उस दौर में किस अकल्पनीय पीड़ा, भय और संघर्ष को सहा था।









# तिरंगा बाइक रैली में दिखा जनमानस का उत्साह







श्रावस्ती। अधिकारों की सीमाएं लांघकर जब जज्बात कर्तव्यों की राह पर बढ़ते हैं, तो देशप्रेम लहरों की तरह उमड़ता है। देशभक्ति कोई साधारण भावना नहीं, बल्कि एक ऐसा नशा है जो दिलों में जोश और आंखों में चमक भर देता है। 78 वर्ष पूर्व का इतिहास इस सच्चाई का साक्षी है—जब देशभक्तों ने अपनी हंसती-खेलती ज़िंदगियां मातृभूमि के नाम न्यौछावर कर दीं। आज वही अद्वितीय देशभक्ति का नजारा थाना नवीन मॉर्डन क्षेत्र में निकली तिरंगा बाइक रैली में देखने को मिला। थाना प्रभारी निरीक्षक शम्भू सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत क्षेत्रवासियों को राष्ट्रीय एकता और देश के मान-सम्मान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मोटरसाइकिल झंडा मार्च निकाला। रैली थाना नवीन मॉर्डन से शुरू होकर कटरा कस्बा, बीरपुर, गोपालपुर होते हुए कटरा बाजार से वापस थाना परिसर पहुंची। इसी क्रम में भारत शौर्य तिरंगा यात्रा बाइक रैली पंडित अभिषेक दुबे प्रबल प्रत्याशी, सदस्य जिला पंचायत के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं के साथ निकाली गई, जिसमें विशाल दुबे सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे। वहीं, मदरसा अशरफिया बहरुल उलूम, मिश्रौलिया में भी तिरंगा महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। मदरसा प्रबंधक मेंराज हुसैन ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मदरसा परिसर से शुरू होकर गांव की मुख्य गलियों से गुजरते हुए पुनः मदरसा में समाप्त हुई। हाथों में तिरंगा थामे नन्हे छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाते हुए लोगों के दिलों में देशप्रेम की लौ और प्रज्वलित कर दी।

## सूइया बॉर्डर पर 100 फीट ऊंचे तिरंगे का अनावरण



श्रावस्ती। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विकास खंड सिरसिया अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा सूइया बॉर्डर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया एवं सेनानायक सशस्त्र सीमा बल अमरेंद्र कुमार वरुण ने नवनिर्मित 100 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे का अनावरण किया। अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है, जो हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता और बलिदान की प्रेरणा देता है। आज स्वतंत्रता दिवस के पूर्व इस झंडे का अनावरण कर हम सभी देश के गौरव और स्वाभिमान को महसूस कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर स्थित यह विशाल तिरंगा न केवल आने-जाने वाले लोगों में देशभक्ति का संदेश देगा, बल्कि सीमा की गरिमा और गौरव को भी बढ़ाएगा। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी आर.एन. प्रसाद, जिला पंचायत सदस्य रियाज खान, दिनेश आर्या, अवधेश वर्मा, मनोज सोनकर सहित एसएसबी, जिला पंचायत के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गांव के विकास में निरन्तरता से मिलती है राष्ट्रीय प्रगति को चमक : प्रमोद तिवारी




प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से स्वीकृत हुई पांच करोड़ से अधिक की सड़क परियोजनाओं की सौगात पाकर गुरूवार को ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना ने स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर इन सड़क परियोजनाओं का धूमधाम से भूमिपूजन किया। चार दिवसीय रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कामापटटी तथा रामपुर दाबी में समारोहपूर्वक सड़क परियोजनाओं का वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य पूजन किया तो भारी संख्या में मौजूद ग्रामीण खुशी से इतरा उठे। विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने चार करोड़ उन्तालिस लाख रुपए की लागत से बनने वाले पांच किलोमीटर लम्बे मनोहरापुर से जहानाबाद लवाना वाया शिवबक्श का पुरवा कामापटटी नहर कोठी सम्पर्क मार्ग, शिवबक्श का पुरवा कामापटटी चालीस लाख पचास हजार रुपए की लागत से साढ़े सात सौ मीटर बनने वाले संपर्क मार्ग का भूमिपूजन किया। विधायक मोना की विधायक निधि से रामपुर दाबी से राजाबासू गेट नौ लाख रुपए की लागत से सीसी रोड, मनोहरापुर अनुसूचित जाति बस्ती के लिए सात लाख की लागत की इण्टरलाकिंग रोड व कैथन का पुरवा कामापटटी में सात लाख की लागत की इण्टरलाकिंग रोड तथा कामापटटी शुक्लन का पुरवा में छः लाख की लागत की सीसी रोड एवं कामापटटी में बबुरिहन का पुरवा इण्टरलाकिंग सात लाख रुपए का भी समारोहपूर्वक शिलान्यास किया।
















# मदरसा छात्रों ने निकाला आजादी मार्च

इटावा स्वतंत्रता की 79 वीं वर्षगांठ के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत देश के स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को याद करते हुए आज स्थानीय मदरसा अरबिया कुऱानिया कटरा शहाब खां से विशाल आजादी मार्च का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र रैली का उद्घाटन करते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रदीप तिवारी ने कहा कि आज हम जिन स्वतंत्रता सेनानियों के कारण आजादी के वातावरण में सांस ले रहे हैं, उन महान नायकों को याद रखना और उनके सपनों का भारत बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। जिन बुजुर्गों ने अपना सर्वस्व देश के लिए न्योछावर कर दिया और हंसते हंसते फांसी के फन्दों को चूम लिया उन महान नायकों को आज हमारी नयी पीढ़ी भूलती जा रही है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से इन शहीदाने वतन की याद ताजा होती है और नयी पीढ़ी को देश भक्ति के लिए ऊर्जा प्राप्त होती है। मदरसे के छोटे-छोटे छात्रों द्वारा आज का प्रदर्शन समाज के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा मुझे आशा है कि आप इन महान पुरुषों की शिक्षाओं को अंगीकृत करके देश भक्ति की भावना को अपने मन में जगाएंगे। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि आजादी हमारे पूर्वजों की कुबार्नी का नतीजा है, इसकी रक्षा और स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाने के लिए नई पीढ़ी को आगे आना होगा।

# ग्रामीण मरीजों को शहर जैसी सुविधा देंगे : डॉ. अजय सिंह

सैफई, इटावा। यह ग्रामीण क्षेत्र का इकलौता विश्वविद्यालय है, यहां आने वाले अधिकांश मरीज गांव से होते हैं। हमारा संकल्प है कि उन्हें शहर जैसी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं। विश्वविद्यालय को चिकित्सा, शोध और शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित करेंगे। हमारे संवाददाता से खास बातचीत में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के नए कुलपति डॉ. अजय सिंह ने कार्यभार संभालते ही बदलाव के संकेत देते हुए कहा कि पारदर्शिता, अनुशासन और मरीज-केंद्रित व्यवस्था उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने अस्पताल की अधूरी परियोजनाओं, खाली पदों की भर्ती, मरीजों की सुविधाओं और प्रशासनिक पारदर्शिता पर विस्तार से बात की।

सवाल कार्यभार संभालते ही आपकी प्राथमिकताएं क्या हैं, जबाब शैक्षणिक, प्रशासनिक और चिकित्साकृतीनों व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और कार्यकुशलता लाना। मरीजों को बेहतर सुविधाएं देना, लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करना, और स्टाफ की जिम्मेदारियां स्पष्ट करना। सबाल 500 बेड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल उद्घाटन के बाद भी पूर्ण रूप से चालू क्यों नहीं हो पाया, जबाव यह हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। वर्तमान में ओपीडी सेवा चालू है, एमआरआई और एक्स-रे मशीनें लग चुकी हैं, फर्नीचर आ चुका है। अब इनडोर और इमरजेंसी सेवाएं जल्द शुरू करेंगे। सवाल वर्षों से निमार्णाधीन 300 बेड का गायनी अस्पताल कब तक शुरू होगा, उत्तर यह परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत आवश्यक है। बजट स्वीकृत है और राजकीय निर्माण निगम को सख्त निर्देश दिए हैं कि तय समय में निर्माण कार्य पूरा करें।

सवाल विश्वविद्यालय में कई महत्वपूर्ण पद लंबे समय से खाली हैं, भर्ती पर क्या योजना है, जबाव नर्सिंग ऑफिसर समेत सभी पदों की भर्ती लोक सेवा आयोग के माध्यम से होगी, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे। रेडियोलॉजिस्ट जैसे आवश्यक पदों की नियुक्ति भी प्राथमिकता पर की जाएगी। सवाल ट्रॉमा सेंटर की एमआरआई मशीन खराब होने से मरीजों को परेशानी है, जबाव नई मशीन के लिए बजट स्वीकृत हो चुका है, समिति गठित कर दी गई है, खरीदारी प्रक्रिया शुरू हो गई है। जल्द ही मरीजों को राहत मिलेगी।







ग्राम पंचायत-जंगल धूषण, विकास खण्ड-चरगांवा, जनपद-गोरखपुर की समस्त सम्मानित जनता को स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं





राजेंद्र प्रसाद निषाद
ग्राम प्रधान विशिष्ट अतिथि (राजपथ पर गणतंत्र पर आयोजित महामहिम राष्ट्रपति के ध्वजारोहण समारोह में)

वकील कुमार
ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम विकास अधिकारी

जयराम
क्षेत्र पंचायत सदस्य

ग्राम पंचायत-जंगल धूषणविकास खण्ड-चरगांवा गोरखपुर

स्वच्छ हरगाँव स्वच्छ सर्वेक्षण सुन्दर हरगाँव

**कार्यालय नगर पंचायत हरगाँव, जनपद-सीतापुर**

पत्रांक 532 /न०पं०ह० / विज्ञापन / 2025-26 दिनांक 11.08.2025

79वाँ स्वंत्रता दिवस (15 अगस्त, 2025) के अवसर पर नगर पंचायत हरगाँव को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में सहयोग करें।

प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबंधित है, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कदापि न करें। प्लास्टिक हटाएँ, पर्यावरण बचाएँ। वृक्ष लगाएँ व पर्यावरण बचाएँ।

प्रगति के आयाम

1. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत दिये गये दिशा-निदेर्शों के क्रम में नगर की समस्त सड़कों, नालियों की सफाई सुनिश्चित कर दैनिक उठान कर निस्तारण तथा चूना / ब्लीचिंग एवं मैलाथियान का छिड़काव कराया जा रहा है।
2. घरों से कूड़ा लेने के लिए डोर-टू-डोर कलेक्शन कराया जा रहा है।
3. नगर के विभिन्न क्षतिग्रस्त / खड़ंजा मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर इण्टरलाकिंग / सी०सी० मार्गों में परिवर्तित करना।
4. नगर के कच्चे नालों को पक्का कराकर जल निकासी में सुधार करना ।
5. पेयजल व्यवस्था में पाइप लाइन विस्तार करते हुए नगर के वार्डों में मिनी ट्यूबवेल का निर्माण कराकर जलापूर्ति में वृद्धि करना।
6. प्रतिमाह नियमित अन्तराल पर कीट नाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है।
7. नगर में स्थित प्रकाश बिन्दुओं को एल.ई.डी. लाइट में परिवर्तित किया गया है विद्युत बचत का प्रयास किया जा रहा है।
8. नगर में वित्तीय वर्ष 2024-25 में नये निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। जनता से अपील है कि नगर में कराये जा रहे निर्माण कार्यों में नगर पंचायत का सहयोग करें।
9. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शत-प्रतिशत शौचालयों का निर्माण कराया गया है जिससे नगर पंचायत हरगाँव को खुले से मुक्त (ओ०डी०एफ०+) किया गया है।

नागरिकों से अपील

1. प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग कतई न करें और न ही दूसरों को करने दें। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए हानिकारक है। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने व विक्रय करते पाए जाने पर आपके विरुद्ध रू0 1000/- से 25000/- तक अर्थदण्ड वसूल किया जायेगा। 2. गृहकर, जलकर व जलमूल्य आदि करों का भुगतान समय से अदा करना सुनिश्चित करें। नगर पंचायत के करों का भुगतान वेबसाइट https://ulbapp.in/ पर जमा कर सकते हैं। 3. नगर पंचायत हरगाँव की सड़क, नाली, जल भराव / जल जमाव व साफ-सफाई सम्बन्धी शिकायत हेतु टोल फ्री नं०- 1533 एवं सेप्टिक टैंक सफाई हेतु टोल फ्री नं0- 1440 पर या नगर पंचायत हरगाँव शिकायत प्रकोष्ठ में कर सकते हैं। 4. प्रत्येक 3 वर्ष में अपना सेप्टिक टैंक अवश्य खाली करायें। किसी भी प्राईवेट सेप्टिक टैंक आपरेटर से टैंक को खाली न करायें। 5. किसी भी तालाब / नालें में कूड़ा करकट न फेकें तथा कूड़ा न जलायें एवं आस पास शौच / खुले में पेशाब न करें, पकड़े जाने पर मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के आदेशानुसार यदि कोई व्यक्ति या संस्था ठोस कचरा (साधारण कचरा- Non-Bulk Waste व थोक कचरा-Buld Waste) अनाधिकृत स्थान यथा रोड साइड, नदियां, जलमार्ग आर्द्रभूमि, झील, नाला, पंचायत, राजस्व भूमि, अन्य सरकारी भूमि आदि स्थानों पर फेंकते हुए पाए जाते हैं, तो दोषी व्यक्ति के ऊपर प्रथम बार रू 5000/- एवं पुनरावृत्ति करने पर रू0 10,000/- तथा थोक कचरा उत्पादक, अनुबंधकर्ता, नगर निकाय या कोई भी जिम्मेदार संस्था पर प्रथम बार रू0 25,000/- एवं पुनरावृत्ति करने पर रू0 50,000/- पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किये जाने के आदेश पारित किये गये हैं। 6. जल ही जीवन है। पेयजल का दुरूपयोग कदापि न करें तथा नल की टोंटी खुली न छोड़ें। 7. नगर पंचायत क्षेत्र में डोर-टू-डोर कूड़े वाले नगर पंचायत सफाई कर्मी को ही अलग-अलग गीला-सूखा कूड़ा दे।

नगर आपका है, इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने हेतु अपना सहयोग करें, नगर पंचायत नागरिक मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर सके। नगर पंचायत हरगाँव आपकी सेवा में सदैव तत्पर



(श्रीश मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत हरगाँव सीतापुर

नगर पंचायत हरगाँव के समस्त सभासदगण एवं कर्मचारीगण

(गफ्फार खाँ)
अध्यक्ष
नगर पंचायत हरगाँव सीतापुर

WITH BEST COMPLIMENTS ON INDIPENDENCE DAY OF INDIA 2025
FROM
AVADH SUGAR & ENERGY LIMITED
P.O HARGAON,DISTT .SITAPUR(UP)
MANUFACTURES OF
WHITE CRYSTAL SUGAR, SPRIT, DENATURED SPRIT, ABSOLUTE ALCOHOL, ETHANOL GOOD QUALITY OF SANITIZER AND CO-GENERATION

PHONE (OFFICE) 05862-256220
Moble-7275622263
Email -hargaon@birla-sugar.com
GSTN- 09AANCA3351L1ZC

REGD. OFFICE:
P.O HARGAON-261121
Distt. Sitapur (UP)



A.K. DIXIT
EXECUTIVE PRESIDENT

**कार्यालय नगर पंचायत बढापुर, बिजनौर**



2025

नगर वासियों से अपील

1. नगर पंचायत को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखें।
2. व्यर्थ में पानी न बहने दें।
3. पानी की टंकी को खुला न छोडें।
4. कूड़े को कूड़ेदान में ही डालें।
5. पॉलीथीन का प्रयोग न करें।
6. नगर पंचायत की आराजी पर अतिक्रमण न करें।
7. पानी के बिलों, गृहकर, लाईसेन्सों का भुगतान समय से करें।
8. अपने जन्म - मृत्यु का पंजीकरण नगर पंचायत कार्यालय में अवश्य करायें
9. नगर पंचायत द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों में सहयोग करें।
10. अपने परिवार की फैमली आई.डी. अवश्य बनवायें।
11. अपनी नगर पंचायत को स्वच्छ रखें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत
बढापुर
बिजनौर

अध्यक्ष
नगर पंचायत
बढापुर
बिजनौर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, नगीना जिला बिजनौर**



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025

दिनांक 15-08-2025 को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद नगीना समस्त सम्भ्रांत नगरवासियों से अपील करती है कि

1. स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूड़ा इधर उधर न फेंके नगर को स्वच्छ बनाये रखने में पालिका का सहयोग करें।
2. पालिका कार्यालय में आर.आर.आर. सेन्टर में अपने अनुपयोगी कपड़े जूते एवं चप्पल आदि दें जिससे गरीब लोगों को निःशुल्क वितरण किया जा सके।
3. पॉलीथीन का प्रयोग न करें यह दण्डनीय अपराध है इसको प्रयोग करने पर जुर्माना वसूल किया जायेगा।
4. निकाय द्वारा कूड़े का डोर-टू-डोर कलेक्शन किया जा रहा है आप कूड़े को अलग-अलग पालिका के वाहन में डालें कूड़ा इधर उधर न फेंके।
5. अपने घरों व आस-पास के क्षेत्रों में पानी जमा न होने दें जिससे बीमारियाँ फैलने की सम्भावना होती है।
6. अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नगीना

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
नगीना

पत्रांकः- मैमो/न0पा0परि0नगीना/आर0ओ0/2024-25 दिनांकः- 12-08-2025

# भारत माता के प्रति मां का भाव हर नागरिक के दिल में हमेशा बना रहना चाहिए : डीएम

## इतिहास को भुलाने के कारण ही देश को झेलना पड़ा था गुलामी का दंश



**मीरजापुर।** भारत देश को आजादी प्राप्त होने के एक दिन पूर्व देश के विभाजन होने पर निर्दोष लोगो के साथ र्ददनाक व हृदय विदारक घटना व विभाजन की त्रासदी को स्मरण करने के दृष्टिगत स्थानीय सिटी क्लब में डीएम पवन कुमार गंगवार के निर्देशन में स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, स्काउट व एनसीसी कैडेटो, उपस्थित अध्यापको, अधिकारियों व अन्य गणमान्य नागरिकों के द्वारा दो मिनट मौन रखकर विभाजन विभीषिका में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले लोगो को याद किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बृज भूषण सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, एडीएम वित्त एवं राजस्व अजय कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों व स्कूल के बच्चों द्वारा विभाजन विभीषिका के बारे में जानकारी दी गई। डीएम ने अपने सम्बोधन में पहलगाम की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी के इतने दिन बाद भी भारत को तोड़ने वाले इरादे लेकर कुछ लोग लगे हैं जो हम सभी के लिए सोचनीय हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को 14 अगस्त 1947 को विभाजन विभीषिका त्रासदी के पीड़ा को कम करने के लिए धर्म, जाति, वर्ग से ऊपर उठकर राष्ट्र की एकता व अखण्डता को बनाए रखने के प्रति एक जुट होकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि भारत देश को हम भारत माता कहकर पुकराते है, मां के भाव को व उनके सम्मान को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो जिस क्षेत्र में कार्य कर रहा हैं उस दिशा में निष्ठा से कार्य करने की आवश्यकता है आज हमारा देश दुनिया अग्रणी देशो में गिना जाता है उसे विकसित भारत बनाने की दिशा में देश में युवा पीढ़ी के लिए असीमित अवसर है बस आवश्यकता है आगे बढ़कर उसे पकड़ने की। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेक स्वारोजगार की योजनाएं संचालित भी की जा रही हैं अपनी श्रेष्ठता के अनुसार जिस दिशा में रूचि हो उस दिशा में ढालकर राष्ट्र को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि देश को एक सशक्त भारत बनाना युवा पीढ़ी के हाथ में है वे अपने को सही दिशा में आगे बढ़कर राष्ट्र को मजबूज व एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभांए। कहा हमारे वीर जवानों, क्रान्तिकारियों द्वारा अपनी जान को न्यौछावर कर देश की आजादी दिलाई गई परन्तु आजादी मिलने के एक दिन पूर्व अंग्रेजो द्वारा धर्म के आधार पर देश का विभाजन करना दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि उससे अधिक दुर्भाग्य यह रहा है कि विभाजित देश से भारत की तरफ आने वाले लोगों को जिस क्रूरता व नंगा नाच किया गया तथा लाखों लोगों को हत्याएं कर उनके मृत शरीर को कई दिनों तक यहां भेजा जाता रहा है वह क्रूरतापूर्ण अन्याय हमारे लोगो पर किया गया था उन शरणार्थी को जीने को मजबूर किया गया परन्तु इसकी चर्चा कभी किसी के द्वारा नही किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हृदय विदारक घटना को याद करने तथा पुनः इसकी पुनरावृत्ति न होने पाए इसके लिए प्रत्येक वर्ष 14 अगस्त 2025 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाएं जाने का निर्णय लिया गया। देश की आजादी व विभाजन विभीषिका में अपनी जान गवाने वालों को याद करने व आने वाली पीढ़ी को इतिहास की जानकारी देने का उद्देश्य इस स्मृति दिवस का मुख्य उद्देश्य हैं। उन्होंने कहा कि विभाजन के समय विशाल भारत का महत्वपूर्ण, ऐतिहासिक व पौराणिक स्थल व उपजाऊ भू भाग उस पाकिस्तान में चला गया जो हमारे देश की धरोहर रही हैं।

## संक्षेप

### हत्या के प्रयास का वांछित गिरफ्तार

**जौनपुर।** जलालपुर क्षेत्र के बहादुरपुर गांव निवासी हत्या के प्रयास करने के वांछित आरोपी को पुलिस ने गुरुवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। मिजार्पुर जनपद के पड़री थाना क्षेत्र के शेष का पूरा गांव निवासी जयप्रकाश दुबे पुत्र उमाशंकर दुबे ऊक्त क्षेत्र के बिशुनपुर गांव में स्थित अपने रिश्तेदार के घर आये थे। वे अपने एक मित्र से हौज गांव में मिंलने गए थे। मिलकर लौटते समय उसे कुछ लोगों ने जमकर मारा पीटा। पीड़ित ने चार लोगों के विरुध्द तहरीर दिया। जिसपर पुलिस ने चार लोगो पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। बहादुरपुर गांव निवासी एक व्यक्ति को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था ।गुरुवार को मुखबिर से मिली सूचना पर एस आई रोहित राज, राकेश सिंह मय हमराहियों के हरिराम यादव पुत्र जोखन यादव को घर से गिरफ्तार कर लिया।

### चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के महेशपुर गांव में गुरुवार को कर्बला के 72 शहीदों की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम के चालीसवें दिन चेहल्लुम का जुलूस पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में शांतिपूर्वक निकाला गया। जुलूस में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। जुलूस के दौरान अंजुमनों ने नौहाख्वानी करते हुए कर्बला के शहीदों को याद किया। महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग जूलूस में शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय, एसआइ सुभाष यादव, टीपी सिंह, राम विशाल पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

### पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग उठी

**आजमगढ़।** पूर्वांचल राज्य के गठन और आजमगढ़ को राजधानी बनाने की मांग को लेकर निजामाबाद के निवासी समाजसेवी अरूण कुमार के नेतृत्व में गुरूवार को डा. अम्बेडकर पार्क में आमरण अनशन किया गया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित 48 सूत्री एक मांग पत्र जिला प्रशासन को सौंपा गया। राष्ट्रीय प्रमुख समाजसेवी अरूण कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश से पूर्वांचल अलग कर पूर्वांचल प्रदेश बनाया जाए ताकि पूर्वांचल के अंतिम व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास हो सकें। साथ ही पृथक पूर्वांचल की राजधानी ऋषि, मुनियों की तपोस्थली आजमगढ़ को बनाकर सम्मान दिया जाए।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैं धर्मेन्द्र कुमार शुक्ला पुत्र श्री रमेशचंद्र शुक्ला निवासी कठवा तहसील सिधौली जिला सीतापुर। मेरा ड्राइविंग लाइसेंस संख्या यूपी 34/2010/0004941 दिनांक 05/05/2010 को बना है। ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम धर्मेन्द्र कुमार अंकित है, जो कि गलत है। मुझे मेरे सही नाम धर्मेन्द्र कुमार शुक्ला से जाना व पहचाना जाए जो मेरे अन्य दस्तावेजों जैसे आधारकार्ड, हाईस्कूल में दर्ज है। ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम सही दर्ज किया जाए।

### आदित्य बिड़ला इंटर कॉलेज रेणुकूट में हैण्डबाल प्रतियोगिता आयोजित

**रेणुकूट/सोनभद्र।** आदित्य बिड़ला इण्टर कॉलेज, रेणुकूट के तत्वावधान में हिण्डाल्को फुटबाल मैदान परविद्यालयी हैण्डबाल की बालकध्बालिका की मण्डलीय प्रतियोगिता सम्पन्न हुई जिसमें अन्डर-19, अन्डर-17 व अन्डर-14 बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में अलग-अलग जिलों की टीमो ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि तथा मेजबान विद्यालय के उप-प्रधानाचाय विजय भागवत पाटिल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया ।जहाँ प्रतियोगिता के अन्डर-14, अन्डर-17 व अन्डर-19 के बालक एवं बालिका तीनों वर्गों में सोनभद्र की टीम विजयी रही। जबकि बालक एवं बालिका के तीनों ही वर्गों में संत रविदास नगर ( भदोही ) उप विजेता रहा। ये सभी विजेता व उपविजेता में से चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय हैण्डबाल प्रतियोगिता में मिजापुर मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। मुख्य अतिथि ने खेल को शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक बताया तथा समाज में खेलों की भूमिका को समझाते हुए सभी को बधाई दी। प्रतियोगिता विद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी शिक्षिका मीरा जायसवाल के कुशल नेतृत्व में खेल शिक्षक बलबीर सिंह, एचएन सिंह व जितेन्द्र कुमार सिंह के सहयोग से सम्पन्न हुई।

## देश भक्ति के नारों से गूंज उठी तिरंगा यात्रा



**जौनपुर।** जनपद में हर घर तिरंगा कार्यक्रम धूमधाम से उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है, सभी तहसीलों विकास खण्डों, ग्राम पंचायतों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। कलेक्ट्रेट परिसर से कलेक्ट्रेट अधिवक्ता के समिति के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जिसमें डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र, सीडीओ अजय अम्बष्ट, कलेक्ट्रेट बार संघ के अध्यक्ष घनश्याम सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान अधिवक्ताओं ने राष्ट्रीय ध्वज हाथों में लेकर देश भक्ति के नारे लगाये। इस दौरान सभी के द्वारा राष्ट्रगान भी गाया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम मछलीशहर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें तहसील और नगर पंचायत द्वारा संयुक्त रूप से सहभागिता किया गया। उक्त रैली में एसडीएम न्यायिक मछलीशहर, तहसीलदार मछलीशहर, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मछलीशहर के साथ-साथ तहसील और नगर पंचायत के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित हुए। डीएम, सीडीओ, ब्लाक प्रमुख रामपुर राहुल सिंह, उपजिलाधिकारी मडियाहूं, ग्राम प्रधान, थाना रामपुर की पुलिस बल एवं विकास खंड रामपुर के शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा एवं विद्यालय के बच्चों की उपस्थिति में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन वाल्थर डिग्री कॉलेज से विकास खंड मुख्यालय तक किया गया।

### स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित

**जौनपुर।** नगर मजिस्ट्रेट ने अवगत कराया है कि स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाये जाने से सम्बन्धित कार्यक्रमों की रुप-रेखा तय की गयी है जिसमें 14 व 15 अगस्त को समस्त शहीद स्मारक व शहीद स्तम्भ पर साफ-सफाई एवं माल्यार्पण किया जायेगा। 14, 15 व 16 अगस्त की रात्रि में सरकारी कार्यालयों, भवनों व शाही पुल एवं अन्य महत्वपूर्ण स्मारकों को प्रकाशमान एवं नगर के समस्त चैराहों पर तिरंगा लाइटिंग एवं चैराहों पर हुए अतिक्रमण को हटाया जाना, कार्यालयों में 15 अगस्त, ध्वजारोहण एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी की शत-प्रतिशत उपस्थिति ध्वजारोहण के समय सुनिश्चित करायी जायेगी। प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक प्रभात फेरी आयोजित होगी। प्रातः 08 बजे जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी आदि ध्वजारोहण एवं पंच प्रण की शपथ, प्रत्येक ग्राम सभा एवं विकास खण्ड मुख्यालय पर भी ध्वजारोहण एवं उसके उपरान्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को माल्यार्पणध्सम्मान तथा पौधरोपण होगा।

### तीसरे दिन मिली नदी में डूबे अधेड़ की लाश

**जौनपुर।** मछलीशहर कोतवाली अंतर्गत ग्राम सभा कल्यानपुर राजस्व गांव सोनहरा निवासी 56 वर्षीय धर्मराज गौतम पुत्र स्वर्गीय मोतीलाल गौतम की बसुही नदी में डूबने से मौत हो गयी। धर्मराज अपनी भैंस को चराने के लिए शाम 4 बजे के करीब नदी के किनारे पर गए थे लोगों का कहना है कि भैंस नदी के उस पार सेमरहो की तरफ गई थी उसी को इस पार करने के लिए नदी में उतरे होगें लेकिन नदी में उतरते हुए कोई नहीं देखा था। जब शाम बुधवार को ढलने लगी और तमाम आस पास के लोग अपने अपने पशुओं को लेकर घर लौटने लगे लेकिन धर्मराज दिखाई नही दिए तब घर वालों ने खोजबीन करना चालू किया लेकिन उनका कुछ भी पता नही चला। कुछ लोग नदी के किनारे पर पहुंचे तो उनका चप्पल दिखाई दिया। घर वालों के मन शक होने लगा वे तुरंत पुलिस को सूचना दिए पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन कुछ पता नही चला दूसरे दिन गोता खोरों ने गांव वालों की सहायता से नदी में छानबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। फिर तीसरे दिन गुरूवार को टीम ने घटना स्थल से रेस्क्यू बोट के जरिये खोजते हुए ग्राम अमारा पटेल बस्ती तक गए और काफी प्रयास के बाद शव को बरामद किये फिर पुलिस ने शव को शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कलेक्ट्रेट से निकाली गयी तिरंगा यात्रा रैली

**मीरजापुर।** हर घर तिरंगा अभियान एवं हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट से तिरंगा यात्रा की भव्य रैली निकाली गई। तिरंगा यात्रा रैली को डीएम पवन कुमार गंगवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में डीएम, एडीएम, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी सहित भारी संख्या में जन समुदाय, मीडिया बंधु एवं जिला पंचायत राज विभाग सहित अन्य विभागो के कर्मचारियों तथा अधिकारी गण हाथ में तिरंगा लेकर रैली में प्रतिभाग किया। तिरंगा यात्रा रैली कलेक्ट्रेट से चलकर रमईपट्टी चैराहा, पेट्रोल पम्प तिरहा सहित नगर के अनेक मार्गो पर निकालकर तिरंगा झण्डा व राष्ट्र प्रेम की भावना को सम्मान करने के दृष्टिगत लोगो को जागरूक किया गया। डीएम पवन कुमार गंगवार ने रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी दिलाने में जिन महान विभूतियों ने अपने प्राणों की आहूति दी है उन्हें याद करने तथा उनके प्रति सम्मान दिलाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाना तिरंगा यात्रा रैली का मुख्य उद्देश्य हैं। उन्होंने जनपद के सभी सम्मानित नागरिको से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों को इस राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में तिरंगे झण्डे को लगा कर राष्ट्र के गौरव में अपनी सहभागिता दे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हम सभी लोगों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है और स्वच्छता को अपनाते हुए हम अपने राष्ट्र एवं समाज को स्वच्छ एवं निरोगी रख सकते हैं, क्योंकि स्वच्छता किसी भी राष्ट्र या समाज के विकास की पहली पायदान है स्वच्छता के प्रति जनपद के सभी नगरीय व ग्राम वासियों से भी अपील की गई कि मौसम का परिवर्तन हो रहा है अपने घरों को स्वच्छ रखें गंदगी इधर-उधर ना फेक और कूड़ा कचरा को इकट्ठा रखें। जिला पंचायत राज अधिकारी ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम में कूड़े को उठाने के लिए घर-घर पंचायती राज विभाग द्वारा गाड़ियां जा रही है जिसको लेकर के आरआरसी केंद्र में इकट्ठा करेगी तथा उसे वेंडर को बेचकर के अपने आय में वृद्धि करेंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा भी समस्त ग्राम सचिव एवं प्रधान तथा सफाई कर्मियों एवं स्वच्छग्राहियों से अपील किया गया की हर घर तिरंगा सभी घरों में लगवाना सुनिश्चित करें एवं स्वच्छता को अपने जीवन में अपने तथा प्रत्येक ग्राम सभा के प्रत्येक माजरा मोहल्ले को फागिंग, ब्लीचिंग, पाउडर एंटी लारवा का छिड़काव सुनिश्चित कराएं।

## भव्य व दिव्य तरीके से जिले में मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस



**सोनभद्र।** डीएम बीएन सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित समारोहोंध्कार्यक्रमों के विवरण के बारे में अवगत कराया है कि 15 अगस्त रात्रि तक सरकारी भवनों व इमारतों स्वतन्त्रता से जुडे स्थलों शहीद उद्यान परासी दूबे को प्रकाशमान किया गया है, उन्होंने बताया कि 15 अगस्त, 2025 को प्रातः 07:00 बजे जनपद एवं तहसील स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में रूट निर्धारित करते हुए प्रभात फेरी निकाली जायेगी तथा सम्बन्धित थानाध्यक्ष को भी सूचना उपलब्ध करायी जायेगी, अधिशासी अधिकारी द्वारा मार्ग को ठीक कराया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा एम्बुलेंस की व्यवस्था की जायेगी। सुबह 07.00 बजे क्रास कन्ट्री रेस तियरा स्टेडियम, राबट्र्सगंज में आयोजित की जायेगी, जिसके मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सदर होंगे जो हरी झण्डी दिखाकर क्रास कन्ट्री रेस का शुभारम्भ करेंगे।

क्रास कन्ट्री के प्रतिभागियों को उप जिलाधिकारी सदर द्वारा पुस्कृत भी किया जायेगा, सुबह 08.00 बजे समस्त सरकारी व गैर सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान होंगें, जिसके संयोजक सभी कार्यालयाध्यक्ष होंगे, जिलाधिकारी द्वारा सुबह 08.00 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया जायेगा, पूर्वान्ह 10.35 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं दिवंगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पत्नियों को सम्मानित किया जायेगा, तहसील राबट्र्सगंज एवं घोरावल के दिवंगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पत्नी को सम्बन्धित तहसील के उप जिलाधिकारी/तहसीलदार द्वारा सम्मानित किया जायेगा, जिसके संयोजक उपजिलाधिकारी/तहसीलदार सदर/घोरावल, प्रभारी अधिकारी सं0क0 सोनभद्र-( कोआर्डिनेटर )/खान अधिकारी सोनभद्र होंगें, पूर्वान्ह 10.15 बजे जिले के सभी शिक्षण संस्थाओं पर ध्वजारोहण तत्पश्चात सभी विद्यालयों पर वृक्षारोपण किया जायेगा एवं बच्चे पौध रोपण करेंगे, वृक्षारोपण उपरान्त विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में डि-बेट खेलकूद कार्यक्रम, विकलांगों छात्रों के लिए विशेष खेलकूद का आयोजन, स्कूल चलों अभियान एवं स्वतंत्रता संग्राम आन्दोलन में पूर्वांचल व जनपद सोनभद्र के सेनानियों का योगदान के सम्बन्ध में जानकारी, समसामयिक विषयों पर गोष्ठी, जिसके संयोजक सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक होंगे।

## आजमगढ़ व मुबारकपुर में 10-15 विश्वस्तरीय अस्पतालों की जरूरत

- **उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली बजट खर्च और संसाधनों की कमी पर भी उठाया सवाल : शाह आलम**



**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी के नेता और विधान परिषद सदस्य व पूर्व विधायक मुबारकपुर शाह आलम गुड्डू जमाली ने बुधवार को मानसून सत्र के दौरान विधान परिषद में स्वास्थ्य जैसे गंभीर मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने प्रदेश में आबादी के अनुपात में कम से कम 10-15 पीजीआई, केजीएमसी और लोहिया जैसे विश्वस्तरीय अस्पताल खोलने की मांग की। साथ ही, आजमगढ़ और मुबारकपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं को और हाईटेक करने की वकालत की।

श्री जमाली ने सदन में कहा कि स्वास्थ्य मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता है, लेकिन नीति आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं में सबसे पीछे है। उन्होंने स्वास्थ्य बजट में केवल 68 प्रतिशत खर्च होने पर सरकार की इच्छाशक्ति पर सवाल उठाया और शेष धनराशि का उपयोग न होने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पीजीआई, केजीएमसी और लोहिया जैसे संस्थानों की विश्व स्तर पर प्रतिष्ठा है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण ये संस्थान आबादी के अनुपात में अपेक्षित सेवाएं नहीं दे पा रहे। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन ( डब्ल्यूएचओ ) के मानकों के अनुसार डॉक्टरों और बेड की संख्या बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने उत्तर प्रदेश की विशाल आबादी की तुलना अमेरिका जैसे बड़े देशों से करते हुए कहा कि प्रदेश को उसी अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करनी होंगी। श्री जमाली ने अतरौलिया की एक घटना का जिक्र करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में भ्रष्टाचार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने एक अस्पताल के चीफ पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का हवाला देते हुए सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की। आजमगढ़ जिला अस्पताल की बदहाली का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने बताया कि वहां एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें या तो उपलब्ध नहीं हैं या खराब पड़ी रहती हैं। रेडियोलॉजिस्ट और डायलिसिस सुविधाओं की कमी के कारण मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता, जिससे कई बार उनकी मृत्यु हो जाती है। मुबारकपुर के स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि डेढ़ लाख की आबादी वाले इस नगर में रात के समय इमरजेंसी सेवाएं न के बराबर हैं। न्यूरोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, ऑथोर्पेडिशियन, सीटी स्कैन, एमआरआई और अल्ट्रासाउंड जैसी सुविधाओं का अभाव है।

### विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आयोजित

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में गुयवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, उपस्थित अधिकारीगण, कर्मचारीगण व जन मानस को विभाजन विभीषिका पर आधारित घटनाओं की डाक्यूमेन्ट्री फिल्म दिखायी गयी, विभाजन विभीषिका पर आधारित बनायी गयी रंगोली व स्टैण्डी के माध्यम प्रदर्शनी भी लगायी गयी। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### ललही छठ का पर्व धूमधाम से मनाया

**जौनपुर।** जिले में बृहस्पतिवार को ललही छठ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने व्रत रखकर अपने पुत्रों की दीघार्यु के लिए प्रार्थना की। कृष्ण पर्व की षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले इस त्योहार पर व्रती महिलाएं दिनभर उपवासी रहकर पूजा अर्चना करती हैं और अंत में नदी या तालाब में उगने वाले बिना हल चलाए पैदा हुए चावल व दही खाकर व्रत तोड़ती हैं। ललही छठ, जिसे हलषष्ठी भी कहा जाता है, हर साल जन्माष्टमी से पूर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं छांव और कूसा को जमीन में गाड़कर पूजा करती हैं और अपने पुत्रों की दीघार्यु तथा पुत्र प्राप्ति के लिए व्रत करती हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

**ई-निविदा संख्या** : NER-LJN-2025-133, **कार्य का नाम :** पूउरे-लजं मंडल :- लखनऊ मंडल में 12 महत्वपूर्ण पुलों पर स्वचालित जलस्तर निगरानी प्रणाली की स्थापना का प्रावधान (Br. No. 182/DN, 182/UP, 183/DN, 183/UP, 184/DN, 184/UP on GKP-GD section, Br. No. 391/DN & 391/UP GD-LJN section and Br. No. 55, Br. No. 68 & Br. No. 97 between GD-MLN and Br. No. 151 GD-BNY section), **अनुमानित लागत** : रु. 1,40,98,138.20, **अग्रिम धन** : रु. 2,20,500.00, **समापन अवधि** : 04 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2025-133** के लिए ई-निविदा दिनांक 09.09.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-204 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

### खाद नहीं मिलने पर किसानों ने किया प्रदर्शन

**मीरजापुर।** हलिया क्षेत्र के भटवारी दिघिया साधन सहकारी समिति पर गुरुवार दोपहर खाद के लिए पहुंचे किसानों ने शाम तक समिति पर ताला लटका देख आक्रोशित होकर समिति सामने खड़े होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे किसान मोहम्मद रियाजुद्दीन, रमाकांत तिवारी, शिवलाल यादव, राम सुमेर, विजेन्द्र कोल, किन्नू शुक्ल, संजय सिंह अजय गिरी, राहुल सिंह आदि ने बताया कि गुरुवार सुबह समिति पर यूरिया खाद आने की सूचना मिलने पर खाद लेने के लिए आए थे लेकिन शाम पांच बजे तक समिति पर ताला लटका रहा। समिति के सचिव रमाकांत मौर्य द्वारा किसानों को खाद देने में हीलाहवाली की जा रही है। आक्रोशित किसानों ने बताया कि धान की फसल में यूरिया खाद देने की जरूरत है लेकिन समिति के सचिव द्वारा खाद का वितरण नही किया जा रहा है। किसान सूर्य लाल यादव ने बताया कि जबसे धान की रोपाई की है एक भी बार यूरिया खाद नही डाला है खाद लेने के लिए आए थे लेकिन कर्मचारी ताला बंद कर चले गये।

## एडीए को लेकर एमएलसी ने सदन में उठाया मुद्दा



**आजमगढ़।** निश्चित ही आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की स्थापना शहर के विकास और बुनियादी ढांचे के लिए हुआ हो लेकिन इन सबके विपरीत एडीए की कारगुजारियों की चर्चा विधान परिषद् सदस्य रामसूरत राजभर में उठाकर जमीनी हकीकत पर करारा प्रहार कर दिया। इस दौरान उन्होंने एडीए को सफेद हाथी और केवल नोटिस जारी कर धन उगाही करने वाला विभाग करार दिया।

सदन में आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की कार्य संस्कृति, योजना और भ्रष्टाचार पर बोलते हुए एमएलसी रामसूरत राजभर ने कहाकि ऋषियों, मुनियों और विद्वानों की धरती आजमगढ़ के नगर क्षेत्र के विकास और जनमुखी योजनाओं के लिए सन 2008 से आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की स्थापना हुई। लोगो को उम्मीद थी इस विकास प्राधिकरण के बनने से आजमगढ़ का चैमुखी विकास होगा। टाउनशिप और नगर विकास की योजनाएं संचालित होगीं। लेकिन उन्होंने दो टूक कहाकि उन्हें बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है है कि लगभग 16-17 साल में भी इस प्राधिकरण द्वारा एक भी महत्वपूर्ण योजना न बनायी गई और न संचालित की गई, जिससे जन अपेक्षाएं पूर्ण हों सकें। यहां तक की इसके लिए एक पूर्णकालिक अधिकारी/सचिव तक की नियुक्त नहीं हो सकी। उधार के अधिकारी से एडीए चलाई जा रही है। इन 16 सालों में सफेद हाथी बन कर एडीए द्वारा केबल नोटिस जारी कर धन उगाही कर सरकार की छवि खराब की गई। इसके बावजूद अवैध निर्माण होते रहें है और आज भी हो रहे हैं। बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण आज भी घड़ल्ले से चल रहें है। उदाहरण के लिए शिब्ली नर्सरी के भवन के अवैध निर्माण के समय पहले नोटिस फिर धन उगाई कर अवैध निर्माण होने दिया गया। वर्तमान में यह विभाग केवल नोटिस जारी करने तक सीमित रह गया है। यद्यपि महायोजना 2031 लागू हो चुकी है बावजूद कोई भी टाउनशिप अब तक विकसित नहीं की गई और नहीं कोई कार्ययोजना जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहन सकी। यही आजमगढ़ विकास प्राधिकरण की विभागीय कार्य संस्कृति है। जो सरकार की छवि खराब कर रही है।

एमएलसी श्री राजभर यहीं नहीं रूकें, उन्होंने आगे लोक महत्व के इस प्रकरण पर आजमगढ़ विकास प्राधिकरण में एक नियमित विभागीय सचिव की नियुक्ति, टाउनशिप विकसित और अन्य योजनाओं के जमीनी स्तर पर संचालित करने के साथ साथ इसमें व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने की मांग किया। उपरोक्त पूरी जानकारी उनके आजमगढ़ मण्डलीय प्रतिनिधि सौरभ उपाध्याय ने मीडिया को जारी विज्ञप्ति में दी।

**आवश्यकता है**

मोहम्मदी महाविद्यालय मोहम्मदी, लखीमपुर-खीरी में D.El.Ed (बी.टी.सी.) पाठ्यक्रम में 1 पद विभागाध्यक्ष, 7 पद प्रवक्ता (शिक्षा के परिप्रेक्ष्य/शिक्षा का आधार, गणित, विज्ञान, भाषा, सामाजिक विज्ञान/मानविकी, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा, ललित कला/निष्पादक कला) की आवश्यकता है। विज्ञापन के 21 दिनो के अन्दर आवेदन करें। साक्षात्कार हेतु 05 सितम्बर 2025 को प्रातः महाविद्यालय में उपस्थित हो। योग्यता NCTE/शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश के अनुसार।

**अध्यक्ष**
**श्री सचिन मेहरोत्रा**
**9415162128**

**आवश्यकता है**

दूधनाथ स्मारक पीजी कालेज अल्देमऊ नूरपुर कादीपुर सुल्तानपुर में प्राचार्य एक पद, कला संकाय के अंतर्गत बीए में हिन्दी, संस्कृत, गृह विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, अर्थ शास्त्र, मध्यकालीन इतिहास में एक- एक प्रवक्ता तथा विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बीएससी में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान में एक-एक प्रवक्ता एवं एमए भूगोल, समाजशास्त्र में दो-दो प्रवक्ता की आवश्यकता है।

**योग्यता-** प्राचार्य के लिए - पीएचडी/नेट के साथ 15 वर्ष का अनुभव
**प्रवक्ता के लिए -** पीएचडी/नेट
वेतनमान यूजीसी या विश्वविद्यालय के नियमानुसार
**नोट-** विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रपत्रों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित हो या पंजीकृत डाक से आवेदन उपरोक्त पते पर कर सकते है।

**प्रबंधक**
**पुष्पेंद्र बहादुर सिंह**
**मो 9455479161**

<u>अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 33/ECTC/2025-26</u> अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट-। टेक्निकल बिड एवं पार्ट-।। फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 33 **कार्य का नामः-** 400 / 132 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, कसारा जनपद मऊ में क्षतिग्रस्त 200 MVA ICT-I (BHEL Make) के स्थान पर नये MVA ICT-I (BHEL Make) की स्थापना का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः-** रू. 23.37 लाख **कार्यावधि-** 01 माह 15 दिन उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 03.09.2025 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 04.09.2025 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपदे पारेषण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।**

**"राष्ट्र हित में बिजली बचाए"**

**(पत्रांक 2470 दि. 14.08.2025)**

संक्षेप

## गजलों की किताब जलते सवालों तक का विमोचन 17 को

**अयोध्या।** जनवादी लेखक संघ, फैजाबाद द्वारा आगामी रविवार, 17 अगस्त को आयोजित हो रहे एडवोकेट रामजीत यादव ह्यबेदारह्न की गजलों की किताब ह्यजलते सवालों तकह्न के विमोचन कार्यक्रम के संबंध में स्थानीय अवंतिका होटल के सभागार में एक तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता लेखक संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद जफर ने की, इस मौके पर उन्होंने सभी सदस्यों से मिल-जुलकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। संगठन की वरिष्ठ सदस्य विनीता कुशवाहा ने विमोचन कार्यक्रम के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। बैठक में सचिव डॉक्टर विशाल श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में विस्तृत चर्चा की और वक्ताओं के संबंध में सदस्यों को अवगत कराया।

# भुलाया नहीं जा सकता विभाजन की विभीषिका का दंश: विनोद पांडे

जिला संवाददाता

**देवरिया।** 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर जिला पंचायत सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रीय मंत्री व पूर्व एम एल सी विनोद पांडे ने कहा कि

बीते वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 अगस्त के दिन को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि देश के बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों और भाइयों को विस्थापित होना पड़ा और अपनी जान तक गंवानी पड़ी।

उन लोगों के संघर्ष और बलिदान की याद में 14 अगस्त को सरकार द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय अत्यंत सराहनीय है। इस आपदा में मारे गए लाखों लोगों को हर भारतवासी की तरफ से आदरपूर्वक श्रद्धांजलि है। यह दिन हमें भेदभाव, वैमनस्य और दुर्भावना के जहर को खत्म करने के लिए न केवल प्रेरित करेगा, बल्कि

- **नफरत और हिंसा की वजह से हमारे लाखों बहनों और भाइयों को विस्थापित होना पड़ा**
- **अंग्रेजों के विरुद्ध देश एकजुट होकर लड़ा था**

इससे एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाएं भी मजबूत होंगी। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में अंग्रेजों के विरुद्ध देश एकजुट होकर लड़ा था, उस दौर में किसी ने इस तरह के विभाजन के बारे में सोचा भी नहीं होगा। लेकिन अंग्रेजों की शातिराना कोशिशों तथा मुस्लिम ?लीग के सांप्रदायिक एजेंडे ने आधुनिक काल में मनुष्यता पर विभाजन द्वारा बड़ा संकट खड़ा किया।

पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि देश जब स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव मना रहा है तो विभाजन के कारण अपने प्राण खोने वाले नागरिकों को ससम्मान श्रद्धांजलि अर्पित करना, निश्चित ही स्वागत योग्य है।

पूर्व जिलाध्यक्ष अंतयार्मी सिंह और मारकंडे शाही ने भी संगोष्ठी को संबोधित किया। संगोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट ने किया।

इस दौरान महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, प्रमोद शाही, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, मुकुल मणि त्रिपाठी, अभय नाथ त्रिपाठी, नीरज शाही, सुभाष तिवारी, अंकुर राय, सज्जन मणि त्रिपाठी, रामजी सिंह, त्रिपुनायक विश्वकर्मा, पवन कुमार मिश्रा, संजय तिवारी, काशीपति शुक्ला, गंगा सिंह कुशवाहा, ब्लाक प्रमुख छठू यादव, निर्मला गौतम, सचिंद्र शाही दीपू, अंगद तिवारी, कृष्ण नाथ राय, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय पांडे, रविशंकर नाथ त्रिपाठी, गोविंद चौरसिया, विभव सिंह शोले, वीरेंद्र सिंह, नागेन्द्र तिवारी, नित्यानंद पांडे, दिवाकर यादव, रूपम पांडे, रवि, रजनीश तिवारी, राधेश्याम शुक्ला, गंगा शरण पांडे, अजीत भारती, राहुल कुमार, सत्यप्रकाश पांडे, दिलीप सिंह, रंजीत सिंह श्रीनेत, यशवंत शाही, राहुल सिंह, बृजेश गुप्ता, प्रदीप मधेशिया, नवीन सिंह, दिलीप जायसवाल, प्रभाकर तिवारी सहित भाजपा के वरिष्ठ और कनिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## ब्रह्म बाबा स्थान का निरीक्षण

अयोध्या। पर्यटकीय सुविधाओं के दृष्टिगत संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद द्वारा ग्राम सभा पारा मरेमा में गहनाग बाबा एवं ग्राम सभा पूरे हुसैन में ब्रह्म बाबा का निरीक्षण किया गया। पी०एन० सिंह, संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद द्वारा ग्राम सभा पारा गरेमा पोस्ट कुचेरा बाजार स्थित गहनाग बाबा सिद्ध स्थान एंव ग्राम सभा पूरे हुसैन में स्थित ब्रह्म बाबा स्थान का निरीक्षण किया ।गहनाग बाबा सिद्ध स्थान के निरीक्षण के समय सिद्ध स्थान के पुजारी मंशाराम दास महाराज जी उपस्थित मिलें इनके द्वारा अवगत कराया गया कि यह मंदिर काफी पुराना है, इस स्थान पर ज्यादातर लोग सांप काटने के बाद मंदिर में दर्शन हेतु आते है काफी प्राचीन मान्यता है कि उन्हें इससे राहत मिलती है।

प्रत्येक बर्ष श्रावण मास में यहाँ पर भारी संख्या में श्रद्धालुओ की भीड़ होती है। इस सिद्ध स्थान परिसर बाबा, राम जानकी जी और बजरंग बली जी का मन्दिर है।

## डीएम ने ग्रामीण सहकारी समिति वीपैक्स पड़िया बाजार का किया औचक निरीक्षण



सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (वीपैक्स), विकास खण्ड जोगिया, सिद्धार्थनगर एवं बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (वीपैक्स) टड़िया बाजार का औचक निरीक्षण किया गया। नरीक्षण के दौरान निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया। स्टाक सही पाया गया। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि वितरण रजिस्टर में मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर एवं खेत का रकबा अवश्य दर्ज कराये। किसी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। किसान से फोन से वार्ता किया गया। किसान द्वारा अवगत कराया गया कि खाद सही दर पर मिला है। बाद उसके जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर 0 ने पुनीत ट्रेडर्स कपिया चौराहा का औचक निरीक्षण किया दौरान निरीक्षण स्टॉक रजिस्टर वितरण रजिस्टर का मिलान किया उक्त मिलान में रजिस्टर सही पाया गया, इस मौके पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि वितरण रजिस्टर मे मोबाइल नंबर आधार नंबर एवं खेत का रकबा अवश्य दर्ज कराए इस मौके पर किसानों द्वारा अवगत कराया गया कि इस बार खाद सही दर पर मिलाहै।

## बरहज तहसील में तहसीलदार के विरुद्ध अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**बरहज, देवरिया।** बरहज तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को तहसीलदार पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। आम सभा की बैठक कर उनके स्थानांतरण होने तक उनके न्यायालय के बहिष्कार का निर्णय लिया। मांगों को लेकर जिलाधिकारी के नाम पत्रक उप जिलाधिकारी विपिन द्विवेदी को दिए, तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद दीक्षित ने बताया कि तहसीलदार न्यायालय में प्राइवेट मुंशी को रखकर संघ के अध्यक्ष और मंत्री को बिना संज्ञान में लिए पुकार करने लगे। संघ ने पूर्व में पेशकार के पटल पर जब तक कोई सरकारी कर्मचारी की नियुक्ति नहीं होती है तब तक प्राइवेट मुंशी को उसके विकल्प के रूप में नहीं बनाए जाने की बात कही थी। बावजूद इसके तहसीलदार द्वारा प्राइवेट मुंशी रखकर अदालत में पुकार कराया गया। अधिवक्ता जब उनसे इस बाबत जानकारी चाहे तो उन्होंने दुर्व्यवहार किया। जिससे नाराज अधिवक्ताओं ने आमसभा की बैठक कर उनके आचरण की निंदा की। तहसीलदार न्यायालय का उनके स्थानांतरण होने तक बहिष्कार करने का निर्णय लिया। इस दौरान महामंत्री संतोष सिंह, रणजीत सिंह, उमेश विश्वकर्मा, त्रिपुरेश मिश्र, उदय राज चौरसिया, वीरेंद्र यादव, अरविंद उपाध्याय, विकास विश्वकर्मा, विपिन तिवारी, मुरलीधर यादव आदि मौजूद रहे।

## क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित

**देवरिया।** कलेक्ट्रेट परिसर में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई। इस अवसर पर उपस्थित मरीजों को समय पर दवा सेवन और संतुलित आहार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि केवल सरकारी प्रयासों से ही लक्ष्य की पूर्ति संभव नहीं है, बल्कि सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों को भी इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने रेड क्रॉस सोसायटी के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि संस्था अब तक 500 से अधिक क्षय रोगियों को गोद ले चुकी है और आज के कार्यक्रम में 20 नए मरीजों को गोद लिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि बड़े श्रमजीवी संगठन और अधिवक्ता बंधु भी इस मुहिम में आगे आ रहे हैं। उन्होंने अपील की कि जिसकी जितनी क्षमता हो, उतने मरीजों को गोद लेकर ₹क्षय मुक्त भारत₹ अभियान को सफल बनाने में योगदान दें।

## कांग्रेसियों ने चुनाव आयोग के खिलाफ कैंडल मार्च निकला

**देवरिया।** लोकतंत्र में चुनावी शुचिता और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के अगुवाई में आज गुरुवार को ह्लवोट चोर, गद्दी छोड़ह्व के नारे के साथ एक भव्य मसाल जुलूस निकाला गया। मसाल जुलूस पूरी तरह से शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से निकालते हुए विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि नेता लोकसभा प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी ने मोदी सरकार और चुनाव आयोग द्वारा मिलकर की जा रही वोट चोरी को जनता के सामने उजागर कर उसकी पोल खोल दी है। जिससे सरकार और चुनाव आयोग में खलबली मच गयी है। यही वजह है कि चुनाव आयोग से मिलने जा रहे विपक्ष के नेताओं को जबरिया रोका गया और फिर उन्हें हिरासत में लिया गया।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेसियों ने मसाल जुलूस के माध्यम से एक सशक्त संदेश दिया। इस अवसर पे पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष मिर्जा खुर्शीद, ऋषिकेश मिश्रा, नागेंद्र शुक्ला, अरविन्द शाही, सुनील कुमार तिवारी, भरत मणि त्रिपाठी, अब्दुल जब्बार, जयप्रकाश धनगर, दीनदयाल यादव, हरिहर त्रिपाठी, संजीव कुमार मिश्रा, चंदू वर्मा, शिव शंकर सिंह, रत्नेश मल्ल पिंटू, आलोक त्रिपाठी राजन, मधु शर्मा, मानवेन्द्र तिवारी, रजनीश प्रसाद, भोला तिवारी, रमेश चंद वर्मा, विनोद दुबे, सोहन मिश्रा, पन्नालाल पाठक, जवाहरलाल बरनवाल, उत्तेज मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, विजय शंकर मिश्रा, महेंद्र अंबेडकर, डॉ.एस.के.पाठक, अशोक कुशवाहा, रविन्द्र मल्ल, अशोक गोंड, शेषनाथ गोंड़, डॉ.रमेश कुशवाहा, कृष्ण कुमार तिवारी, मनीष रज्जक, सत्यम पाण्डेय, विनय मिश्रा, प्रताप दिक्षित आदि।

## शहीदों को नमन करने का अवसर है तिरंगा यात्रा : डॉ रमापति राम त्रिपाठी

**देवरिया।** गुरुवार, भाजपा द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा के नेतृत्व में शहर के रामचंद्र विद्यार्थी स्मारक से सैनिक भवन तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें उत्साही युवा और महिला कार्यकताओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। हाथों में तिरंगा झंडा लिए देशप्रेमियों के भारत माता की जय के जयघोष से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। यात्रा रामचंद्र विद्यार्थी स्मारक से होकर कचहरी चौराहा होते हुए सैनिक भवन पर समाप्त हुई। यात्रा के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह रहे। इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि तिरंगा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। देश की आजादी लाखों देशभक्तों के संघर्ष का परिणाम है। यह दिन वीर-वीरांगनाओं और शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामरिक शक्ति का बड़े पैमाने पर बढ़ी है, वो दिन दूर नहीं जब भारत विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत प्रोत तिरंगा यात्रा देश के गौरव, सम्मान और सैनिकों के उत्साह में वृद्धि करता है। यात्रा के दौरान मुख्य रूप से पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, नगरपालिका अध्यक्ष अलका सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, भाजपा नेता सज्जन मणि त्रिपाठी, ऋतु शाही, अभय नाथ त्रिपाठी, जिला महामंत्री प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, संजय तिवारी, काशीपति शुक्ला, गंगा सिंह कुशवाहा, हरेंद्र जायसवाल, कृष्ण नाथ राय, रमेश तिवारी, नित्यानंद पांडे, रविशंकर त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष अजय सिंह, प्रवीण प्रताप मल्ल, राजन सोनकर, बजरंगी मणि, नीरज वर्मा, प्रेम अग्रवाल, प्रभाकर तिवारी, रविंद्र राव, अटल बरनवाल, संजू सोनी, श्रीमती विजयलक्ष्मी सिंह, नगर मंत्री अमन वर्मा दीपू यादव, हरेंद्र पाल, बोनी बाबा, अभिषेक मिश्र, राजन पांडे श्रीराम प्रजापति, ब्रह्म सिंह दिनेश तिवारी, संतोष पांडे भरत मद्धेशिया, आनंद श्रीवास्तव, अमित सिंह जयराम तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# असंतुष्ट फीड बैंक से संबंधित अधिकारियों को डीएम ने दी चेतावनी

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आईजीआरएस सहित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों/प्रकरणों के निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। आईजीआरएस समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहां कि जिन



- **डीएम ने की आईजीआरएस की बैठक हुई आयोजित**

विभागों में शत प्रतिशत असंतुष्ट फीडबैक है उन विभागों के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी गण अपने दायित्वों का निर्वहन पूरे मनोयोग से करें, जिससे जनपद की रैंकिंग में सुधार लाई जा सके।

उन्होंने कहा कि शिकायतों को अधिकारी कटेगरी वाईज कर सही ढंग व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये। बैठक दौरान आईजीआरएस से संबंधित कितने मामलों में संतुष्ट और कितने मामलों में असंतुष्ट फीड के संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी से पुछताछ की गई, जिस पर सीएमओ द्वारा जानकारी नहीं दिए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए, जिलाधिकारी ने कार्यों में सुधार लाए जाने का निर्देश दिए, साथ ही असंतुष्ट निस्तारण वाले विभागों की बैठक प्रत्येक सप्ताह किए जाने हेतु अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने स्पेशल क्लोज वाले प्रकरणों को गुणवत्ता व मानक के अनुरूप निस्तारण करने के निर्देश सभी विभागों के अधिकारियों को दिया। डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी फरियादियों/शिकायतकताओं की संतुष्टि के प्रति बेहद गम्भीर है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करके रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। अधि0 अभि0 विद्युत द्वार निस्तारित किए गए अधिकतर मामलों में असंतुष्ट फीडबैक पाए जाने पर स्पष्टीकरण जारी किए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर शो काल नोटिस जारी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पर निस्तारित शिकायतों की खराब गुणवत्ता/असंतुष्ट फीड बैक पाये जाने वाले सभी विभागीय अधिकारियों को इसमें सुधार लाने की कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी स्थिति नहीं आनी चाहिये कि निस्तारण की गुणवत्ता खराब होने के कारण उच्च स्तर से शिकायतें पुनः वापस आ जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता का पक्ष भी अवश्य सुना जाए और सदंर्भों के निस्तारण से परिणाम से भी शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए। क्योंकि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही संदर्भो का निस्तारण का मूल लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस का पैरामीटर बदल गया है असंतुष्ट फीडबैक वाले प्रकरणों को सही ढंग से निस्तारण करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 ब्रजनंदन, उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामजियावन मौर्य, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, सहित अन्य संबंधित जनपदीय अधिकारी गण आदि उपस्थित रहे।

# बर्ड फ्लू की रोकथाम और नियंत्रण के लिए टास्कफोर्स की बैठक

देवरिया, 14 अगस्त। कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में देर सायं जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में एवियन इन्फ्लुएंजा (बर्ड फ्लू) की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु विशेष टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की गई। बर्ड फ्लू कुक्कुट पक्षियों की एक अत्यंत संक्रामक बीमारी है, जो ह्यऑमिक्सीह्न नामक विषाणु से होती है। इसका संक्रमण काल कुछ घंटों से लेकर तीन दिनों तक हो सकता है। यह पशुजन्य रोग पक्षियों की आंखों व नाक से निकलने वाले स्त्राव, बीट, अंडे आदि के माध्यम से एक पक्षी से दूसरे पक्षी में फैलता है।

बैठक में बताया गया कि इस बीमारी के मुख्य लक्षणों में अचानक अत्यधिक मृत्यु दर, आंखों में सूजन, कलगी का नीला होना, हरे-पीले रंग की बीट, पैरों में रक्त के थक्के जमना तथा अंडा उत्पादन में अचानक कमी शामिल है। यह रोग मनुष्यों और अन्य पशुओं में भी फैल सकता है, इसलिए इसकी रोकथाम बेहद जरूरी है। वर्तमान में जनपद में 165 लेयर कुक्कुट प्रक्षेत्र एवं लगभग 350 ब्रॉयलर कुक्कुट प्रक्षेत्र चिन्हित हैं, जिनमें करीब 13 लाख मुर्गियां संरक्षित हैं। निदेशालय के निदेर्शानुसार विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर उसका प्रस्तुतीकरण किया गया। जिलास्तर पर गठित टास्कफोर्स में पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, प्रभागीय निदेशक (सामाजिक वानिकी), अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड-2, अधिशासी अभियंता लो.नि.वि. (प्रांतीय खंड), जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सूचना अधिकारी को सदस्य नामित किया गया है। बैठक में अवगत कराया गया कि बर्ड फ्लू से निपटने के लिए जनपद में रैपिड रिस्पांस/कलिंग टीम एवं सर्विलांस टीम गठित की जा चुकी हैं। राजकीय पशु चिकित्सालय, देवरिया सदर में ह्यबर्ड फ्लू कंट्रोल रूमह्न स्थापित है। नोडल अधिकारी डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह (उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी) का मोबाइल नंबर 9415833790 है। जनपद में पर्याप्त मात्रा में पीपीई किट, फेस मास्क उपलब्ध हैं। 16 सर्विलांस टीम नियमित रूप से सभी कुक्कुट फार्म का निरीक्षण कर टीकाकरण, सेनेटाइजेशन और जैव सुरक्षा संबंधी जानकारी दे रही हैं।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 430 सीरम, 450 नेजल स्वैब और 450 क्लोयकल स्वैब नमूने परीक्षण हेतु लैब भेजे जा चुके हैं। अभी तक जनपद में न तो भौतिक निरीक्षण में और न ही लैब जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है जिलाधिकारी ने पशुपालन, वन एवं सिंचाई विभाग को निरंतर भौतिक और सीरो सर्विलांस जारी रखने के निर्देशके निस्तारण हेतु भूमि चिन्हित रखने के निर्देश दिए। लो.नि.वि. को जेसीबी, फॉगिंग मशीन, जेटिंग मशीन एवं अन्य उपकरण तैयार रखने को कहा गया।

# सीएम डैश बोर्ड की हुई समीक्षा बैठक

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों, की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।समीक्षा दौरान जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा दौरान खराब प्रदर्शित करने वाले इंडिकेटर में रहने वाले विभाग व



- **खराब रैंकिंग वाले विभागों पर जतायी नाराजगी**

कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यों/योजनाओं में प्रगति लाते हुए जिस स्तर से रैंकिंग खराब हो रही है उस पर कार्यवाही करें अन्यथा उस विभाग के अधिकारी को जिम्मेदारि तय करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यो के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण खराब रैंकिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खराब प्रगति वाले मुख्य विभागों को कार्यों में सुधार लाये जाने का निर्देश दिए। पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष कनेक्शन की स्थिति, विभिन्न स्तरों पर लंबित आवेदनों, वेंडर स्तर पर लंबित आवेदनों की विधिवत समीक्षा कर इस अभियान को गति देते हुए लग कर कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाये जाने की प्रगति के संबंध में विधिवत समीक्षा करते हुए खराब प्रगति वाले वीडियो से पुछताछ कर सभी को 25 अगस्त तक एक-एक हजार का लक्ष्य निर्धारित करते हुए निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिन सायंकाल को इसकी सूचना मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराएं। समीक्षा बैठक में विद्युत विभाग द्वारा पोर्टल पर 20 नंबर के सापेक्ष जीरो नम्बर प्रदर्शित होने पर अधीक्षण अभियंता को शो काल नोटिस दिए जाने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए, तथा मत्स्य विभाग के खराब रैंकिंग पर शो काल नोटिस दिए जाने का भी निर्देश दिए गए।इसी प्रकार पर्यटन विभाग, ऋण वितरण वसूली, स्वास्थ्य विभाग के खराब प्रदर्शन पर कड़ी चेतावनी देते हुए कार्यशैली में सुधार लाए जाने का निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि माह के अंत तक लग कर निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति करें। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभाग से संबंधित या कोई भी निवास भी यदि जर्जर हो या मरम्मत कराया जन आवश्यक हो तो इसकी सूचना निर्धारित प्रारूप पर 19 अगस्त की बैठक में अवश्य प्रस्तुत करें, ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके, इसके अतिरिक्त जिन विभागों को भूमि की आवश्यकता है उन्हें भी समस्त ब्यौरा सहित प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, पीडी, डीडीओ, अधि0 अभि0 पीडब्ल्यूडी, डीपीआरओ, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उप कृषि निदेशक, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहित अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



सिद्धार्थनगर- गोरखपुर जोन के एडीजी मुथा अशोक जैन और बस्ती रेंज के डीआईजी संजीव त्यागी ने गुरुवार को सिद्धार्थनगर में भारत-नेपाल सीमा का दौरा किया। उन्होंने सिद्धार्थनगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के साथ ककरहवा और अलीगढ़वा बॉर्डर का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सुबह ककरहवा बॉर्डर पर वाहनों की जांच व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही पैदल यात्री मार्ग और चौकसी प्वाइंट्स का निरीक्षण किया। सुरक्षा बलों से सीमा पर होने वाली गतिविधियों की जानकारी ली। इसके बाद अलीगढ़वा बॉर्डर का भी निरीक्षण किया। एडीजी और डीआईजी ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को आपसी तालमेल बढ़ाने के निर्देश दिए। मानव तस्करी, मादक पदार्थ, नशीली दवाएं और अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में पुलिस, प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में सीमा सुरक्षा, संवेदनशील क्षेत्रों और तस्करी के नए तरीकों पर चर्चा की गई। सीसीटीवी नेटवर्क और ऑपरेशन त्रिनेत्र की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने सीमावर्ती गांवों में पुलिस गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए।

## डुमरियागंज जगदम्बिका सांसद पाल ने मिनी स्टेडियम का किया उद्घाटन



बांसी सिद्धार्थनगर ।जनपद के मिठवल ब्लाक के साड़ी कला मे डाक्टर भीमराव अम्बेडकर मिनी स्टेडियम का उद्घाटन डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने किया। बाद उसके सासंद ने एक जनसभा को भी संबोधित किया इस दौरान उन्होंने ने केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दिया इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, खंड विकास अधिकारी मिठवल सौरभ पाण्डेय सहित भाजपा नेता चिंकू यादव, सचिदानंद पांडेय, रोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप द्विवेदी, कमलेश चौरसिया, राजेन्द्र तिवारी, विजय सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि दशरथ चौधरी, ग्राम, प्रधान अनीता, सांसद प्रतिनिधि राजू पाल, अनूप यादव, अजय शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## एडीजी गोरखपुर व डीआईजी बस्ती ने राजपत्रित अधिकारी व थानाध्यक्षो के साथ किया गोष्ठी

सिद्धार्थनगर। एडीजी जोन गोरखपुर व डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिसलाइन सभागार में समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ अपराध समीक्षा गोष्ठी किया गया, व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर, जोन गोरखपुर श्री मुथा अशोक जैन व पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के साथ जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस लाइन सभागार में जनपद की कानून-व्यवस्था व अपराध समीक्षा गोष्ठी किया गया। एडीजी व डीआईजी बस्ती द्वारा अपराधों की समीक्षा कर क्षेत्र में छोटे-छोटे प्रकरण पर सतर्क दृष्टि रखने व अपराधो की रोकथाम पर विशेष ध्यान देने, जनशिकायती प्रकरणों पर गंभीरता से कार्य करने, महिला अपराध/ गोकशी, संगीन प्रकरणों में कठोर कार्यवाही करने तथा वांछित, पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी व प्रभावी कार्यवाही हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाइन स्थित आरटीसी बैरको व परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। रिक्रूट आरक्षीगण से उनके प्रशिक्षण व समस्याओं के संबंध में वार्ता किया गया। निरीक्षण के दौरान आवासीय व्यवस्थाओं, शौचालय, स्नानागार, पेयजल, विद्युत, पंखा/कूलर आदि सभी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति व प्रशिक्षण की गहन समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी, पुलिस कार्यालय एवं अन्य शाखाओं के संबंधित सभी प्रभारीगण व अन्य उपस्थित रहे।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विशेष प्रदर्शनी

सिद्धार्थनगर- विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर विकास भवन में एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. और मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने किया।

प्रदर्शनी में 1947 के देश विभाजन से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज और चित्र प्रदर्शित किए गए। इन चित्रों में लाखों लोगों के विस्थापन और उस समय की परिस्थितियों को दशार्या गया। सांसद जगदम्बिका पाल ने बताया कि यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने विभाजन के दौरान टूटे परिवारों की याद दिलाई। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में तिरंगा यात्रा का आयोजन भी किया गया। उन्होंने लोगों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें सांसद प्रतिनिधि एस.पी. अग्रवाल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लालाजी त्रिपाठी, विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे।

संक्षेप

## यातायात नियमों का पालन करें वाहन चालकः ऋतु सिंह

**अयोध्या।** आरटीओ प्रशासन अयोध्या मण्डल ऋतु सिंह द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत गुरूवार को आरटीओ आफिस मे सभी कर्मचारियों को तिरंगे के महत्व को बताते हुए तिरंगे इस आशय से वितरित किये गये कि कार्यालय आने वाली जनता, ट्रांसपोटर्स व डीलर्स को तिरंगा वितरित करें एवं उन्हे अपने घर, दुकान व प्रतिष्टान पर तिरंगा लगाने हेतु प्रेरित करें तथा सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी तथा सभी लोगो से अपील की गयी कि 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा व स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरिया आदि निकाली जाती है जिनकी सुरक्षा के दृष्टिगत सभी यातायात नियमों का पालन करें, सभी दोपहिया वाहन चालक हेलमेट पहने व चार पहिया व अन्य वाहनो के चालक सीट बेल्ट अवश्य लगायें, सड़क पर स्टण्ट इत्यादि न करें। आरटीओ ऋतु सिंह द्वारा बताया गया कि वर्षा ऋतु परिवहन की दृष्टि की अधिक संवेदनशील होता है जिसमें बारिश के समय दृश्यता कम हो जाती है जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। अतः सभी वाहन चालक अपने वाहन के वाईपर, ब्रेक, कलच, बैक लाइट, हेड लाइट, फाग लाइट आदि नियमित रूप से चेक कराते रहे तथा वाहन के समस्त प्रपत्र वैध होने की स्थिति में ही वाहन संचालित करें। साथ ही यह भी बताया गया कि तिरंगा हमारे गौरव का प्रतीक है जिसको सही ढंग से फहराये व कहीं कटे-फटे न हो तथा उतारने के बाद सम्मान से रखे व इधर-उघर न फेकें।

आरटीओ द्वारा यह भी अपील की गयी कि अपने वाहन का टैक्स ससमय परिवहन विभाग की बेवसाइट पर जाकर आनलाइन माध्यम से जमा करे और एक जिम्मेदार भारतीय नागरिक होने का परिचय दें।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदर्शनी और डॉक्यूमेंट्री फिल्म देखकर नम हुईं आंखें

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** शासन केनिर्देशानुसार हर घर तिरंगा अभियान के अतंर्गत गुरुवार को राजकीय इण्टर कॉलेज सभागार में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अमनदीप डुली की अध्यक्षता में किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति मे कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता के समय हुए विभाजन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शन किया गया, डॉक्यूमेंट्री फिल्म देखकर सभी लोग भावुक हुए तथा देश के बलिदानियों के प्रति 2 मिनट का मौन धारण व कैण्डल

● कैण्डिल जला व मौन धारण कर देश के बलिदानियों को दी गयी श्रद्धांजलि

जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी अतिथियों के द्वारा सूचना विभाग द्वारा परिसर में लगायी गई विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस सम्बंधित अभिलेखीय प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा प्रदर्शनी की सराहना की गई।

अभिलेखीय प्रदर्शनी के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लिए गए एतिहासिक निर्णयों का प्रदर्शन किया गया था, जिसे विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी दिखाया गया। कार्यक्रम में राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्रा हेमन्त ने ए वतन मेरे आबाद रहे तू, देशभक्ति गीत गाया, जिस पर जीआईसी हॉल में तालियों की गढ़गढ़ाहट गूँज उठी। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने कहा कि अंग्रेजों की नीति ह्यफूट डालो और राज करोह्न के कारण अंग्रेजों ने 200 साल तक देश पर राज किया और जाते जाते देश का विभाजन कर गए। बच्चे इस बात को समझें और यह सुनिश्चित करें कि ऐसा दोबारा न हो। आज हम विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर देश के बलिदानियों को याद कर रहें हैं, हमारे हजारों भारतवासी विभाजन के दिन बलिदान हुये थे, इस घटना के जख्म आज भी हमें तकलीफ देते हैं। देश को आजाद कराने के लिए हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना बलिदान दिया, तब जाकर हमें यह आजादी मिली है।

जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत ने अपने संबोधन में कहा कि एक तरफ जब भारत स्वतंत्र हो रहा था, वहीं दूसरी तरफ देश का बटवारा हो रहा था, अंग्रेजों की चाल के कारण भारत पाकिस्तान बट गए, इस बंटवारे में हजारों लोग बेघर हो गए, हजारों लोग मारे गए। उस दिन हमें ऐसा घाव मिला जो कभी भर नहीं सकता। कई वर्षों तक लोग तंबुओं में रहे। आज का दिन उन पीड़ित परिवारों के दर्द को महसूस करने का है, जिन लोगों ने बंटवारे में अपना सबकुछ खो दिया, यह हमारे लिए एक त्रासदी थी। एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी ने कहा कि बंटवारे का जो दंश हम सभी ने झेला है, उसका दर्द भुलाया नहीं जा सकता, डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से आज बच्चों को उस विभीषिका दिवस के बारे में बताया जा रहा है, ताकि फिर कभी विदेशी ताकतों की वजह से ऐसा मंजर न देखना पड़े।

जिलाधिकारी ने कहा कि 14 अगस्त 1947 को देश में हुई घटनाओं को याद कर बलिदानियों के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करने के लिए आज हम विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहे हैं।

भारत पूर्व से ही समृद्ध देश था, जिस कारण विदेशी यहां आकर्षित हुए और देश का शोषण किया। किन्तु हमारे वीर सपूतों ने स्वतंत्रता संग्राम छेड़कर देश को आजाद कराया जिसके परिणामस्वरुप आज हम आजाद देश में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिवस यह संकल्प लेने का है कि हम सभी आपसी सौहार्द के साथ समन्वय बनाये रखें और देश की प्रगति में अपना योगदान दें।

अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि आज का कार्यक्रम विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का उद्देश्य इस विभाजन से सीख लेनी है कि हमें किसी भी दशा में बटना नहीं है, एकता में शक्ति होती है। आज के बच्चों को यह इतिहास जानने की जरुरत है, जिससे उनमें देश की आजादी का महत्व और तिरंगे के सम्मान की भावना जागृत हो।

मौके पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, केएनए राजेन्द्र प्रसाद, जिला पर्यटक अधिकारी हेमलता, जीआईसी से अरुणबाबू शर्मा, सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान का जन्मदिन मनाया गया



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद आजम खान साहब के जन्मदिन के अवसर पर समाजवादी पार्टी जिला /महानगर कार्यालय पर केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया गया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हमीद जाफर मीसम ने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के साथ केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया इस मौके पर सभी नेताओं ने उनके जन्मदिन पर उनके दीघार्यु होने की कामना की इस मौके पर समाजवादी पार्टी के नेता शादाब खान के नेतृत्व में रक्तदान का आयोजन किया गया महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामिद जाफर मीसम पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी साहब हाजी फिरोज खान गब्बर प्रदेश सचिव, राम अचल यादव, उपाध्यक्ष श्री चंद यादव पूर्व महानगर अध्यक्ष मोहम्मद कमर राइन जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद जेपी यादव सचिव जगन्नाथ यादव वीरेंद्र गौतम मोहम्मद अपर्णा जायसवाल मोहम्मद सुहैल, सनी यादव रोहित यादव, फरीद कुरैशी, राशिद, शिवकुमार यादव रामकरन यादव पवन यादव नूर बाबू, राकेश चैरसिया, कुलदीप यादव, जीशान, इमरान हाशमी, शाहरुख खान मोहम्मद अपील बबलू, माजीद खान बाबा अक्षय यादव, आदि लोग मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में शीघ्र करायें पोषाहार वितरणः डीएम



**बांदा।** जिला पोषण समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने आंगनवाड़ी केन्द्रों में 3 से 6 वर्ष तक प्री-प्राइमरी रजिस्टर बनाए जाने तथा यू-डाइस पोर्टल पर रजिस्टर्ड करने के निर्देश दिए। उन्होने पोषण टैज्कर ऐप में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को फीड कराए जाने और अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराने के निर्देश दिए। डीपीओ एवं सीडीपीओ को निर्देश दिए कि पोषाहार समय से वितरण कराया जाए साथ ही जिस विकास खण्ड में पोषाहार प्राप्त हो गया है उसे तत्काल वितरित कराया जाए। उन्होने पोषाहार वितरण में गुणवत्ता और सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। डीएम ने संभव अभियान पोर्टल में गर्भवती महिलाओं का वजन, हीमोग्लोबिन की जांच, एएलसी की जांच कराने और वीएचएसएनड दिवसों के आयोजन तथा आंगनवाड़ी द्वारा गृह भ्रमण की सूचना भी फीड कराने के निर्देश दिए। आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। आंगनवाड़ी केन्द्रों में बाल मैट्रिक शौंचालय का निर्माण व पीएम मातृत्व वंदना योजना के लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। खण्ड विकास अधिकारियों एवं सीडीपीओ को शेष निमार्णाधीन आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर निर्माण की स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम ने कायाकल्प के तहत आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्राथमिकता पर वाल पेंटिंग, पोषण वाटिका और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षाधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## निरंकारी मिशन का वननेश वन अभियान 17 को

बांदा। संत निरंकारी मिशन की हरित चेतना और पर्यावरण के अटूट समर्पण के चलते 17 अगस्त को वननेश वन परियोजना के पांचवें चरण के तहत देश भर में कई नए स्थलों को जन सहभागिता अभियान से जोड़ा जाएगा। हजारों सेवादार एवं श्रद्धालु प्रातः 6 से 9 बजे तक एकजुट होकर वृक्षारोपण के माध्यम से प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा और संरक्षण के संकल्प को दोहराएंगे। रविवार को जिला चिकित्सालय में वननेश वन परियोजना के तहत संत निरंकारी मिशन के भक्तों और सेवादल, सदस्य प्रातः 6 से 8 बजे तक वृक्षारोपण करेंगे। सद्गुरू माता सुदीक्षा के मार्गदर्शन में वर्ष 2021 में शुरू हुई यह परियोजना महज वृक्षारोपण का उपक्रम नही, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलन और सहअस्तित्व की भावना को जगाने वाला महत्वपूर्ण अभियान है। यह ऐसा भाव सिखाता है कि हम प्रकृति से अलग नही, बल्कि उसी का अभिन्न अंग हैं। संत निरंकारी मिशन के सचिव की वननेश वन के तहत पौधों का चयन स्थानीय पर्यावरण के अनुसार किया जाता है और उनकी देखभाल, जैविक खाद, स्वच्छ जल व आधुनिक तकनीक से की जाती है जिससे दीर्घकालीन हरियाली बनी रहे। कहा कि पर्यावरण संकट के इस दौर में मिशन की यह पहल न केवल समयोचित है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है।

## शांति समिति की बैठक, अधिकारियों ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**बांदा।** आगामी त्योहारों को देखते हुए कोतवाली नगर में धर्मगुरूओं और पदाधिकारियों के साथ शांति समिति की बैठक हुई। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर आयोजित शांति समिति की बैठक में नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर माविस टक व उप जिलाधिकारी सदर एवं कोतवाली प्रभारी बलराम सिंह ने शहर के सभी धर्मगुरूओं व पदाधिकारियों के साथ बैठक में बातचीत कर आगामी त्योहारों स्वतंत्रता दिवस, चेहल्लुम, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्वों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शासन के आदेशों के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही सबके सुझाव भी लिए गये। धर्मगुरूओं ने प्रशासन को अपने-अपने समुदाय की तरफ से शांति व्यवस्था बनाए रखने के सहयोग का भरोसा दिया। अधिकारियों ने सभी से अपील की और किसी नई धार्मिक परंपरा को बगैर अनुमति शुरू न करने के जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होने अफवाहों पर ध्यान न देने, सोशल मीडिया पर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने तथा अफवाह फैलाने वालों पर सोशल मीडिया टीम लगातार निगरानी कर रही है के बारे में भी आगाह किया। अधिकारियों ने यह भी कहा कि किसी तरह की समस्या, घटना होने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# पारिवारिक विवाद को लेकर एफआईआर दर्ज

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** वरिष्ठ नागरिक बलवीर सिंह ठाकुर ने अपनी ही बेटी और दामाद पर धोखे से संपत्ति हड़पने, घर का सामान व स्कूटी ले जाने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने बुधवार 13 अगस्त को शाम 6.23 बजे प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर संख्या 0925) दर्ज कर मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रशांत राणा को सौंपी है। पुलिस के अनुसार,

● बेटी-दामाद पर संपत्ति हड़पने और धमकी देने का आरोप

मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 318(4) (धोखाधड़ी व जालसाजी), 61(2) (दस्तावेज चोरी), 305 (आपराधिक धमकी), 352 (शारीरिक हमला) और 351(3) (गाली-गलौज) के तहत दर्ज हुआ है। शिकायत में बलवीर सिंह ने बताया कि 18 नवंबर 2023 को तहसील में उन्हें नशा पिलाकर दानपत्र पर हस्ताक्षर करा लिए गए। इससे पहले संपत्ति से जुड़े जरूरी कागजात घर से गायब कर दिए गए थे। आरोप है कि 22 जुलाई 2025 को दिन में करीब 11 बजे उनकी बेटी गरिमा यादव और दामाद देवे यादव घर आए, मकान खाली करने का दबाव डाला और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर पड़ोसी एकत्र हो गए, लेकिन जाते-जाते आरोपितों ने दो-तीन दिन में फिर लौटने की चेतावनी दी। बलवीर सिंह के अनुसार, आरोपितों ने घर का घरेलू सामान और उनकी स्कूटी (यू.पी.94 ए.ए.7212) भोपाल स्थित पते पर ले जाकर लौटाने से भी इंकार कर दिया। यह शिकायत बीट के अंतर्गत लिखित रूप में प्राप्त हुई और जीडी नंबर 056 के तहत शाम 5.55 बजे दर्ज की गई। पुलिस का कहना है कि मामले की पूरी जांच की जा रही है और आरोपों के संबंध में सभी तथ्यों की पुष्टि के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा नेता की तिरंगा यात्रा में उमड़ी भीड़

सोहावल-अयोध्या। भाजपा नेता करुणाकर पाण्डेय की अगुवाई में निकाली गयी तिरंगा यात्रा में भारी भीड़ मौजूद रही। यात्रा में महिलाओं की उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को भी कड़ी मेहनत करनी पड़ी। वृहस्पतिवार को मजनावां के मजरे कुंडौली से निकली इस यात्रा में समर्थक कार्यकताओं ने अपने लगभग सैकड़ो वाहनों का प्रयोग किया और यात्रा में मददगार बने।

संजयगंज बाजार होते हुए तहसील गेट तक लगभग 5 किलोमीटर तक चली इस यात्रा के दौरान भारत माता की जय और बन्दे मातरम जैसे राष्ट्र भक्ति भरे गीत गूँजते रहे। इस अवसर पर बोलते हुए करुणाकर पाण्डेय ने कहा कि आजादी की वर्षगांठ से पूर्व निकाली गयी। इस यात्रा का उद्देश्य लोगो में राष्ट्रीय भावना को बढ़ावा देना है।

## अमृत काल में उत्तर प्रदेश विकास का अग्रदूतः वेद प्रकाश

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश विषय पर गुरुवार को हुई चर्चा में अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई गाथा लिखी है। उन्होंने कहा कि ह्लअमृत कालह्व में प्रवेश कर चुका भारत अब एक ऐसे राष्ट्र का स्वप्न देख रहा है, जहाँ हर नागरिक सुरक्षित, स्वावलंबी, शिक्षित, स्वस्थ और गर्वित हो। विधानसभा की कार्यवाही 13 अगस्त सुबह 11 बजे से लगातार 24 घंटे चली, जिसमें विकसित भारत-विकसित यूपी विजन डॉक्यूमेंट 2047 पर सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। अपने संबोधन में विधायक गुप्ता ने 2017 से पहले की अव्यवस्था और ठहराव का उल्लेख करते हुए कहा कि आज प्रदेश की अर्थव्यवस्था 27 लाख करोड़ रुपये के पार पहुँच चुकी है। 15 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं, जिससे 60 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टह्न योजना ने कारीगरों और उद्यमियों को वैश्विक पहचान दिलाई है। उन्होंने कानून-व्यवस्था में सुधार, माफिया राज की समाप्ति, महिला सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, एक्सप्रेसवे और एयर कनेक्टिविटी में वृद्धि तथा सांस्कृतिक धरोहरों के पुनर्जीवन को सरकार की बड़ी उपलब्धियां बताया। अयोध्या में भव्य राम मंदिर, चैड़ी सड़कों, आधुनिक रेलवे स्टेशन और महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे को उन्होंने वैश्विक आस्था और पर्यटन का केंद्र बनने की मिसाल बताया।

## विभाजन के दौरान प्राण गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

जिला संवाददाता





**बांदा।** विभाजन विभीषिका में प्राण गंवाने और दर्द झेलने वाले लोगों के प्रति भाजपा ने मौन जुलूस निकालकर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अगुवाई में भाजपा कार्यालय पीली कोठी से कार्यकताओं ने हांथों में काली पट्टी बांधकर बाबूलाल चैराहा, अमर टॉकीज रोड, महेश्वरी देवी चैराहा होते हुए मौन जुलूस निकाला। इसके बाद संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष चित्रकूट चंद्रप्रकाश खरे ने कहा कि आज के दिन मोहनदास करमचंद गांधी ने अंग्रेजों से मिलकर अखण्ड भारत को तीन टुकड़ों में विभाजित किया था। जवाहर लाल नेहरू और मोहम्मद अली जिन्ना ने सत्ता लोलुपता के चलते अखण्ड भारत के तीन टुकड़े करा दिए थे। यह दिन कभी भुलाया नही जा सकता। कहा कि इसके बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की सभी शियासतों से मिलकर एक अखण्ड भारत स्थापित किया। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि मुस्लिम लीग की मुसलमानों को विभाजन की विभीषिका झेलनी पड़ी और लाखों लोगों को विस्थापित कर दिया गया तथा हजारों लोगों का नरसंहार हुआ। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 14 अगस्त के दिन विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा की और यह पहली बार मनाया गया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, संजय सिंह, विनोद जैन, ममता मिश्रा, प्रेमनारायण द्विवेदी, जागृति वर्मा, अखिलेश नाथ दीक्षित, उत्तम सक्सेना, पंकज रैकवार, अमित सेठ भोलू, अनिरूद्ध त्रिपाठी, राजेश सेन, धीरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज कोतवाली इलाके के रामपुर बुजुर्ग गांव में गुरुवार की शाम घर के कमरे में पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामअजोर निषाद की 16 वर्षीय पुत्री कोमल ने फाँसी के फंदे से लटक कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसएचओ शारदेन्दु दुबे के मुताबिक आत्महत्या के कारणों की जानकारी के लिए मामले की पड़ताल कराई जा रही है।

## पर्व में स्वच्छता व सुरक्षा का विशेष ध्यान रखेः निखिल टीकाराम फुंडे


जिला संवाददाता

**अयोध्या।** आप सभी श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं श्री गणेश पूजा उत्सव को एक भव्य व अच्छे वातावरण में मनावे, पर्व में स्वच्छता एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखे। उत्सवो को अच्छे ढंग से मनावे प्रशासन सारी व्यवस्थाये समय रहते पूण करने की उत्सव को भव्यता व शालीनता से सम्पन्न कराना ही हमारा आपका उद्देश्य है। उक्त उद्गार व्यक्त करते हुये कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्मोत्सव एवं श्री गणेश पूजा उत्सव समितियो सहित केन्द्रीय पूजा समिति के समस्त पदाधिकारियो एवं जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे में आयोजनकर्ताओ को उत्सव की अग्रिम बधाई दी। ब्ैठक के प्रारम्भ में केन्द्रीय पूजा समिति के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल एवं प्रमुख संरक्षक पूर्व चेयमैन विजय कुमार गुप्ता ने उत्सव के बारे में बैठक को व्यवस्था सम्बन्धी समस्त बिन्दुओ पर विस्तार से बताया। बैठक के अन्त में जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 गौरव ग्रोवर ने व्यस्थाओ पर प्रकाश डालते हुये नयी परम्परा न डालने की बात कहते हुये सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्थाओ पर अपने विचार व्यक्त किया। ज्ञातव्य हो कि उक्त बैठक का संचालन अपर जिला अधिकारी नगर योगानन्द पाण्डेय ने किया, बैठक में प्रमुख रुप से केन्द्रीय समिती से प्रेमनाथ राय, जे0 एन0 चतुवेर्दी, केशव बिगुलर, सुप्रीत कपूर, हेमन्त गुप्ता गोशाईगंज, डॉ0 आर0 डी0 जायसवाल, प्रमोद सोनी पूराबजार, अखिलेश पाठक, प्रेम मौर्या भदरसा, राकेश श्रीवास्तव सोहावल, राहुल कौशल बारुन, अजय कौशल कुचेरा, प्रिन्स कसौधन तारुन, पवन निषाद, चंदन गुप्ता, रोहिताश्व चन्द्र राजू, डॉ0 शैलेन्द्र विक्रम सिंह, अमित



कनौजिया, विशाल गुप्ता वासु, बन्टी माखेजा, डॉ0 अखिलेश वैश्य, सुरेश कुमार, अमन गुप्ता, आकाश गुप्ता, अवनीश यादव, मिथिलेश सोनकर, अंकित श्रीवास्तव, शुभम पाण्डेय, धीरज यादव, रवि सोनकर, अनुराग जायसवाल, अजय प्रजापजि, राकेश गुप्ता, तुषार एवं जिला प्रशासन से अपर जिला अधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्रा सहित तमाम अधिकारीगण एवं समितियो के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कब्जे को लेकर पीड़ित पहुंचे डीएम के पास, जांच के आदेश



**बांदा।** अतर्रा तहसील के गजपति खुर्द के एक परिवार ने गुरूवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। परिवार के लोगों ने गले में तख्तियां टांगकर न्याय की मांग की। तख्तियों में लिखा गया था कि न्याय नही तो इच्छा मृत्यु की अनुमति दी जाए। इनका आरोप है कि गांव के दबंगों ने उनकी तीन बीघा जमीन और सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। पीड़ितों ने बताया कि एसडीएम अतर्रा से 10 बार और जिलाधिकारी से 4 बार फरियाद कर चुके हैं। कहा कि तहसील के अधिकारियों पर ग्राम प्रधान की मजबूत पकड़ है। इस वजह से सुनवाई नही हो रही है। पीड़ितों ने कहा कि उनकी भूमिधरि जमीन है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। जिलाधिकारी ने मामले की नजाकत को देखते हुए तत्काल एसडीएम को जांच के आदेश दिए हैं। एसडीएम राहुल द्विवेदी का कहना है कि गजपति खुर्द के रमेश ने जमीन नपवाने का प्रार्थना पत्र दिया था। जांच में मिला कि कुछ हिस्से में विपक्षी का मकान आ रहा है। उन्होने कहा कि मकान हटाने के लिए वादी को न्यायालय में धारा 134 के तहत मुकदमा दायर करना होगा। शेष जमीन का कब्जा वादी को दिया जा चुका है।

## बाइक की जोरदार टक्कर से युवक घायल

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम सिमिरिया निवासी सम्मर सिंह पुत्र इन्दर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह ललितपुर में ढुरा बाजार में किराए से मकान लेकर वहीं रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। बीती 14 जून 2025 को वह अपने बड़े भाई विक्रम सिंह के साथ बड़ी नहर के पास सब्जी लेने के लिए गया था, तभी जे.के. टायर्स के सामने सब्जी की दुकान पर पहुंचा तो वहां पीछे से आ रही मोटर साइकिल टी.वी.एस. राइडर के चालक ने उसके भाई विक्रम सिंह को टक्कर मार दी। रात करीब 9.30 बजे उसके भाई विक्रम सिंह को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

मौकेपर नाराहट के बडगाना निवासी दंगल पटेल पुत्र श्रीराम पहुंचा। दोनों ने बाइक सवार की पहचान नाराहट के धौलपुरा निवासी करन पुत्र गोरेलाल के रूप में की। घटना को अंजाम देकर बाइक सवार भाग गया। घटना के बाद उसने अपने भाई का उपचार राजस्थान के जयपुर में कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बाइक सवार के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री पर एफआईआर दर्ज करने का विरोध

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** कथित तौर पर वोट चोरी का आरोप लगाते हुये इण्डिया गठबंधन द्वारा देश भर में आंदोलन किया जा रहा है। इसी क्रम में झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद व केन्द्र सरकार में केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री रहे प्रदीप जैन आदित्य के नेतृत्व में झांसी में आंदोलन व प्रदर्शन

● युवक कांग्रेस ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

किया गया। इस प्रदर्शन को लेकर झांसी पुलिस द्वारा पूर्व केन्द्रीय मंत्री, सपा नेताओं और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

इस प्रकरण में दर्ज किये गये मामले को फर्जी बताते हुये युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकित यादव व प्रदेश महासचिव युवक कांग्रेस मोन्टी शुक्ला के संयुक्त नेतृत्व में एक ज्ञापन प्रदेश की महामहिम राज्यपाल को संबोधित करते हुये जिला प्रशासन को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि विगत 11 अगस्त 2025 को नेता विपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं समस्त इंडिया गठबंधन के सांसदों को चुनाव आयोग कार्यालय जाते समय रोककर गिरफ्तार कर लिया गया। इंडिया गठबंधन के नेताओं की असंवैधानिक गिरफ्तारी के विरोध में झांसी स्थित इलाइट चैराहे पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य एवं इंडिया गठबंधन के साथी शांतिपूर्ण व संवैधानिक तरीके से विरोध दर्ज कर रहे थे। न ही वहा कोई रोड जाम किया गया और न ही किसी भी व्यक्ति को बाधा आयी। जबकि वहा मौजूद सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट हो जायेगा कि वहा इंडिया गठबंधन के लोग शांतिपूर्ण व संवैधानिक रूप से बिना किसी को बाधा पहुंचाए स्वास्थ्य लोकतंत्र में अपना विरोध दर्ज कर रहे है।

लेकिन झांसी पुलिस द्वारा भेदभाव की मंशा से पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, झाँसी युवजन सभा जिलाध्यक्ष व इंडिया गठबंधन के साथियों के खिलाफ फर्जी मुकदमा पंजीकृत किया गया। युवक कांग्रेस के नेताओं ने महामहिम राज्यपाल से तत्काल रूप से इस मुकदमा वापिस लिये जाने की मांग उठायी गयी। अन्यथा की स्थिति में युवा कांग्रेस ने आंदोलन करने की बाध्यता को दोहराया। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष अंकित यादव, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस मोन्टी शुक्ला, शुभम शुक्ला सोनू, कुलदीप पाठक, रोमान खान, रोहित कुशवाहा, सुनील अहिरवार, महेन्द्र पनारी, राजकिशोर गौतम, सौरभ पंथ, अमन साहू, ऋषि रजक आदि मौजूद रहे।

# विकसित राष्ट्र का संकल्प

आजाद भारत की यात्रा आज 78 वर्ष पूरी हो गयी। इस अवसर पर देश अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। आजादी हमे करीब-करीब एक सदी के संघर्ष और हजारों-लाखों बलिदान के बाद, त्रासद रूप में मिली थी। 22 वर्ष बाद देश के प्रधानमंत्री आजादी की 100वीं वर्ष गांठ पर अर्थात 15 अगस्त 2047 तक विकसित भारत का सपना देखते हैं और देशवासियों से साझा करते हैं, तो यह समझना चाहिए कि यह मुकाम हासिल करने के लिए देश ने लंबी, ऐतिहासिक, जद्दोजहदपूर्ण और सफलताओं से भरी यात्रा की है। 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली थी। इसे यूं कह सकते हैं कि अंग्रेज भारत को लूट-खसोटकर, 500 से अधिक रियासतों में देश को अलग-थलग कर, दंगा, अकाल और भुखमरी फैलाकर, देश को अनेक टुकड़ों में बांटकर चले गये थे। एक तरह से भारत को फिर से अपने पैरों पर खड़ा होना था। वैसे अंग्रेज इस भरोसे गये थे कि भारत संभल नहीं पायेगा। दंगा और अकाल के बीच अस्तित्व खो देगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में इस देश ने ऐतिहासिक कुर्बानियां देकर आजादी हासिल की थी। लोग अपने हिसाब से भले यह परिभाषित करें कि हमें आजादी अहिंसा के रास्ते, बिना खड़क, बिना ढाल के मिली, लेकिन ये सच नहीं है। आजादी का सच बहुत भयावह है। 1857 में स्वतंत्रता संग्राम की पहली लड़ाई लड़ी गयी थी जिसे अंग्रेजों ने कुचल दिया था। हजारों लोगों ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में शहादत दी। उसके ठीक नब्बे साल बाद अर्थात 1947 में भारत ने आजादी की सुबह देखी, तो इस तरह पहली लड़ाई से लेकर 15 अगस्त 1947 तक, कुल नब्बे साल तो सीधे-सीधे अंग्रेजों के साथ संघर्ष ही चला। लेकिन उससे पहले भी देश के विभिन्न भागों में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह हो रहे थे। अगर उनको भी जोड़ लें तो वास्तव में आजादी का संघर्ष दो शताब्दी से भी अधिक चला और इसमें लाखों-लाख लोग मारे गये। आजादी से ठीक एक साल पहले 16 अगस्त 1946 को जिन्ना ने देश को बांटने के लिए डायरेक्ट एक्शन डे मनाया और एक-दो दिन में ही देश में इतनी हिंसा हुई, जिसमें 10,000 से अधिक लोग मारे गये। यह तो आंकड़ा है। वास्तविक संख्या इससे बहुत अधिक है, क्योंकि जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन के बाद कोलकाता की सड़कें लाशों से पट गयी थीं। ऐसे जिन्ना को देश के टुकड़े कर भेंट देने के बजाय, उसको मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। लेकिन उस समय हमारे कर्णधारों को जो अच्छा लगा वैसा किया। जिन्ना तब देश का सबसे विकसित क्षेत्र पंजाब और सिंध के साथ उस पूर्वी बंगाल को भी ले गये जिसकी सीमा, सभ्यता-संस्कृति और जुबान पाकिस्तान से भिन्न थी। जिन्ना ने पहले देश को हिंसा की आग में धकेला, फिर देश को विभाजित किया, फिर कश्मीर पर कब्जे का प्रयास किया। जिन्ना के बाद उनका देश भारत से लड़ता रहा। चार बार सीधे-सीधे आक्रमण किया और पराजित होकर अब चार दशक से आतंकवाद के रूप में छद्म युद्ध लड़ रहा है। इसके अलावा भी भारत ने कभी सर्जिकल स्ट्राइक, कभी एयर स्ट्राइक और इस साल मई में ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भी पाकिस्तान की ठुकाई की, लेकिन बार-बार पिटकर, मार खाकर भी बेशर्म पाकिस्तान परेशान करने से बाज नहीं आता। अंग्रेज, जिन्ना और उनके पाकिस्तान द्वारा पैदा की गयी चुनौतियां, हिंसा, अशिक्षा, गरीबी और भुखमरी की भयावह स्थितियों से उबरते हुए आज भारत उस मुकाम पर पहुंचा है जहां दुनिया का सबसे ताकतवर देश अमरीका भी भारत को उसके संकल्पों से ठिगा नहीं पा रहा। रूस भारत को भरोसेमंद दोस्त मानता है और चीन ताकतवर दुश्मन मानता है। ये स्थितियां यूं ही नहीं बनी हैं। इसके पीछे भारत की सात दशक लंबी तपस्या है। पाकिस्तान, चीन ने युद्ध थोपकर हमे सैन्य शक्ति बनने के लिए प्रेरित किया, अमरीका ने अनाज देने के नाम पर पीएल-480 के जरिए हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचाया, तो हमारे किसानों ने हरित क्रांति से जवाब दिया। नब्बे के दशक में आर्थिक सुधारों ने हमारे लिए आर्थिक महाशक्ति बनने का मार्ग प्रशस्त किया। आज हमारी आर्थिक शक्ति इतनी बड़ी हो गयी है कि अमरीका भी हमसे चिढ़ता है और कमजोर करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद हमारा विकसित भारत का सपना दिनोंदिन आगे बढ़ रहा है। लेकिन भ्रष्टाचार, जाति, सम्प्रदाय एवं भाषावाद, लोक लुभावन राजनीति, सीमा पर तनाव और आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं, हमे इनसे पार पाना होगा।



**विकसित भारत की राह में भ्रष्टाचार, लोकलुभावन राजनीति और आतंकवाद जैसी गंभीर चुनौती भी हैं।**

### विचार

देह ही नहीं जो दिल से भी गुलाम हो गये हैं, वे कभी भी आजादी हासिल नहीं कर सकते हैं।

–महात्मा गांधी.

जगत सर्वथा मिथ्या है। यह केवल स्वप्न है। केवल मारीचिका है। सृष्टि की रचना करके ईष्वर स्वयं अपने को प्रकट करता है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

कोई देश बिना आजादी के अच्छी तरह नहीं जी सकता है और न आजादी के बिना सत्कर्म को बरकरार रख सकता है।

–रूसो.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

–वेदव्यास.

जो व्यक्ति संसार की पिपासा–तृष्णा से रहित है, उसके लिए कुछ भी कठिन नहीं है।

– महावीर.

# ट्रंप की हरकतों का जवाब है आत्मनिर्भर भारत



मनोहर मनोज

**नयी आर्थिक नीति के उपरांत उद्योगों में जिस इन्सपेक्टर राज का बारंबार जिक्र किया जाता था, कहीं न कहीं देश के लघु मध्यम उद्योग ही उसके ज्यादा भुक्तभोगी बनते थे। ये स्थिति अभी भी पूरे तौर पर समाप्त नही हुई है। छोटे उद्यमों को लाइसेंस, परमिट राज से पूरी तरह आजाद करने की जरूरत है ताकि वे देश की आर्थिक प्रगति में पूरा योगदन से सकें।**

अमरीका के टैरिफ वार के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का अह्वान किया है। वास्तव में स्वदेशी हमारी अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिहाज से एक ऐसा मंत्री है जिसके सहारे में हम किसी भी व्यापारिक प्रतिस्पर्धा और टैरिफ जैसी चुनौतियां का सामना कर कर सकते हैं और मजबूती के साथ आर्थिक प्रगति की यात्रा को भी आगे बढ़ा सकते हैं। हमारा एमएसएमई सेक्टर स्वदेशी, आत्मनिर्भर भारत और रोजगार सृजन के लिए गेंमचेंजर है। सरकार एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) सेक्टर को भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार बनाने की बात कर रही है। इसीलिए सरकार ने एमएसएमई सेक्टर के लिए कई प्रोत्साहनों और स्कीमों घोषणा की है, लेकिन अगर गहराई से देखें तो एमएसएमई की राहें अभी भी आसान नहीं हैं। औद्योगिक प्लॉट, पूंजी, तकनीक, मशीनरी, प्रशिक्षण, कच्चे माल की आपूर्ति, बिजली, परिवहन, मार्केट आर्डर तथा सबसे ऊपर बड़े देशी विदेशी उद्योग से मिलने वाली प्रतियोगिता, ये तमाम बाधाएं किसी भी छोटे कारोबारी के लिए बड़े कारोबारी से ज्यादा कठिन होती हैं। देखने में आता है कि देश के अनेक छोटे उद्यमी कुछ सालों तक व्यवसाय करने के बाद उपरोक्त बाधाओं के आगे घुटने टेक देते हैं। इस बार के बजट में एमएसएमई यानी छोटे, लघु व मध्यम उद्योग को आगामी 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य का आधार मानकर उसे प्रोत्साहन देने के हर संभव उपाय घोषित किये गए हैं।

सरकार के मौजूदा प्रोत्साहनों के पीछे कई कारक हैं। जैसे कि देश की बहुत बड़ी आबादी जिसमें युवाओं की करीब दो तिहाई हिस्सेदारी है, बेरोजगारी को लेकर स्वरोजगार पर अधिकाधिक बल देने की सरकार की नयी नीति, बड़े पैमाने पर बेरोजगारों को कौशल विकास व इंटर्नशिप प्रदान कर निजी क्षेत्र को रोजगार देने के लिए प्रोत्साहित करने आदि में इनकी भूमिका बड़ी मानी जा रही है। दूसरा देश की अर्थव्यवस्था में उत्पादन, रोजगार, आमदनी, निर्यात, संतुलित क्षेत्रीय विकास तथा विकास के विकेन्द्रीकरण इन सभी को ध्यान में रखकर एमएसएमई अब सरकार द्वारा विकास की आगामी ब्यूह रचना का एक बेहद महत्वपूर्ण अवयव माने जा रहे हैं। यही वजह है कि अभी लघु मध्यम उद्योग को लेकर हो रहे विमर्श में अब कई नये पहलू जुड़ गए हैं। मसलन स्वरोजगार, स्टार्ट अप, कौशल विकास, सहकारी क्षेत्र उद्यमी, खाद्य प्रसंस्करण, रुफ टौप सोलर पैनल, हथकरघा, स्व-सहायता समूह व लखपति दीदी, आदिवासी ग्राम विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा, आवास विकास योजना इत्यादि कई शब्दावलियां, स्कीमें व वित्तीय योजना एमएसएमई के विराट इकोसिस्टम में समाहित कर दी गई हैं। इस बार के बजट में ये बात भलीभांति देखने में आयी है कि सरकार लघु मध्यम उद्योगों के लिए कच्चे माल, मशीनरी, फायनेंस, मार्केट, प्रशिक्षण और राजकोषीय प्रोत्साहन इन सभी सुविधाओं का एक बहुस्तरीय प्रोत्साहन पैकेज शुरू करने को लेकर काफी गंभीर है। इसके तहत सरकार द्वारा एमएसएमई का दायरा काफी विस्तृत कर दिया गया है। जैसे कि छोटे उद्योग के तहत निवेश सीमा मौजूदा 1 करोड़ से बढ़ाकर 5 करोड़, लघु उद्योग की निवेश सीमा मौजूदा 10 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़ तथा मध्यम उद्योग की निवेश सीमा मौजूदा 50 करोड़ से बढ़ाकर 250 करोड़ कर दी गयी है।

## एसएमई को औद्योगिक इकोसिस्टम की दरकार

इस क्रम में नयी घोषणा ये है कि सेवा और विनिर्माण उद्योग को उनकी निवेश सीमा के मुताबिक पूरे तौर पर एमएसएमई के मातहत रख दिया गया है जिसकी सारी सुविधाएं और प्रोत्साहन इन्हें प्रदान की जायेंगी। तीसरी बात ये की गई है कि किसी मैन्यूफैक्चरिंग एमएसएमई को मशीनरी खरीदने के लिए क्रेडिट गारंटी लोन बिना किसी कोलेटरल या थर्ड पार्टी की गारंटी के प्राप्त होंगी। इसी क्रम में मोदी सरकार की बहुप्रचारित मुद्रा लोन योजना में दी जाने वाली अधिकतम ऋण सीमा दस लाख से बढ़ाकर बीस लाख कर दी गई है। इस लोन को तीन श्रेणियों मसलन शिशु किशोर वयस्क में बांटा गया है जिससे अलग अलग लेवल के स्वरोजगार व्यवसाय को बढावा दिया जा सके। एमएसएमई को लेकर इन सारे उपायों पर एक सरसरी निगाह डाली जाये तो इसमें दिक्कत बस ये दिखती है कि एमएसएमई सेक्टर को लेकर इस समय सरकार के पास एक नहीं अनेक चैनल व एजेंसियां हैं, लेकिन इनमें आपस में तादात्मय स्थापित होना बाकी है। मिशाल के तौर पर एमएसएमई मंत्रालय के अलावा केंद्र सरकार के कौशल विकास मंत्रालय, युवा विकास मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय, सहकारिता मंत्रालय, योजना मंत्रालय सभी एक तरह से छोटे उद्योगों के नोडल एजेंसी के बतौर कार्यरत हैं। इन के अलावा श्रम मंत्रालय व वित्त मंत्रालय अपनी अपनी तरफ से परामर्श, दिशा-निर्देश व प्रोत्साहन प्रदान करते रहते हैं। राज्य सरकारों की भी अपनी संस्थाएं और स्कीमें अलग हैं। ऐसे में एमएसएमई में पंजीयन से लेकर तमाम सरकारी सहयोग व सुविधाओं का एक विंडो बनाया जाना बेहद महत्वपूर्ण है। यदि हम देश में छोटे, लघु व मध्यम उद्योग की एक पूरी तस्वीर का अवलोकन करें तो देश में पंजीकृत एमएसएमई उद्योगों की कुल संखया 3.64 करोड़ है जिनसे करीब 16 करोड़ लोगों की आजीविका चल रही है और यह हमारी कुल श्रमशक्ति का करीब 40 फीसदी है। इनमें देश के मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र के कुल उत्पादन का 38 फीसदी तथा निर्यात क्षेत्र का 45 फीसदी योगदान है। हमारे सकल घरेलू उत्पाद में इसका कुल योगदान देखें तो यह 30 फीसदी है। बताते चलें कि 1990 के दशक में नयी आर्थिक नीति के बाद यह बहस तेजी से छिड़ी कि उदारीकरण व भूमंडलीकरण से देश के बचे छोटे मध्यम उद्योग बड़े उद्योग के साये तले मिट जाएंगे या उनकी प्रतियोगिता में नहीं टिक पाएंगे। लेकिन छोटे, लघु व मध्यम श्रेणी के उद्योगों ने देश की अर्थव्यवस्था में अपनी पहचान बनाये रखी बल्कि उत्पादन, रोजगार और निर्यात में भी अपनी महत्वपूर्ण हिस्सेदारी बनाये रखी। घरेलू औद्योगिक पटल पर जहां बड़े उद्योग के मातहत मध्यम उद्योग भी टिके रहे, मध्यम उद्योग के मातहत लघु उद्योग भी टिके रहे और लघु उद्योग के मातहत छोटे उद्योग भी टिके रहे। सेवा व्यापार क्षेत्र में यदि शॉपिंग मॉल आए तो छोटे किराना दुकानदार भी अस्तित्व में रहे।

नयी आर्थिक नीति के उपरांत उद्योगों में जिस इन्सपेक्टर राज का बारंबार जिक्र किया जाता था, कहीं न कहीं देश के लघु मध्यम उद्योग ही उसके ज्यादा भुक्तभोगी बनते थे। ये स्थिति अभी भी पूरे तौर पर समाप्त नही हुई है। आज भी अनेकानेक सेवा उद्योग में अलग अलग एजेंसियों की रूलिंग व दिशा निर्देशों की भरमार कायम हैं, बहुस्तरीय लाइसेंसिंग प्रणाली मौजूद है और इंसपेक्टर राज के साथ स्थानीय पुलिस की हफतावसूली भी बदस्तूर कायम है। जब सरकार ने रियल इस्टेट क्षेत्र को लेकर ये स्पष्ट आदेश दिया है कि इसमें पुलिस की दखलंदाजी निषिद्ध होगी तब जाकर यह क्षेत्र उत्पीड़न से बचा। कहना होगा कि मोदी सरकार की मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेन्स अभी भी जमीन पर नहीं उतर पाई है। हालांकि पिछले तीन दशक में लघु मध्यम उद्योग पहली बार सरकार की प्राथमिकता में अपनी महत्ता हासिल कर रहे हैं।




### सोशल मीडिया

14 अगस्त 1947 का दिन दुनिया के इतिहास में बर्बरता व विभीषिका का एक ऐसा काला अध्याय है, जिसे कभी भी विस्मृत नहीं किया जा सकता है।

योगी आदित्यनाथ, सीएम.



जम्मू एवं कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने की आपदा के कारण आयी तबाही में कई लोगों की मौत एवं कईयों के लापता होने की खबर बहुत ही दुखद है।

राहुल गांधी.



हमारी सरकार भारत के विकास में बेंगलुरू के योगदान को गहराई से महत्व देती है और हम इस महान शहर के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नरेन्द्र मोदी, पीएम.



# श्रद्धा का स्वरूप

### अंतर्दृष्टि

सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है।

सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है। श्रद्धा या आस्था के अनेक स्वरूप हैं और हरेक स्वरूप मानवीय जीवन को उत्कृष्ट बनाता है और सामाजिक जीवन को जीवंत करता है।

# प्रेम का सेल्फियाना अंदाज

### व्यंग्यलोक

इन दिनों मैं भी प्यार का इजहार करने के इसी सेल्फियाना तरीके का प्रेमी चल रहा हूं। जब कुत्तों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ सेल्फी ले लेता हूं। जब गधों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ भी सेल्फी ले लेता हूं। जब अपनी तरह के रंगे सियारों से प्रेम प्रदर्शित करने को मन करता है तो उनके साथ सेल्फी ले लेता हूं। अब आप ही बताइए कि प्रेम के सेल्फियाना दौर में सूफीयाना प्रेम कैसे संभव होगा भला? अबके भी हर उत्सव, महोत्सव की तरह इधर आजादी का महोत्सव भी आया। उत्सव हो या महोत्सव, माफ कीजिएगा, अपने शहर में सब अब बड़ी धूमधाम, हर्षोल्लास के साथ फेसबुक पर ही मनाये जाते हैं। बाकि तो छोड़िए, अब तो मरने वाले के साथ तक हर्षोल्लास के साथ सेल्फी लेने के दिन आ गए हैं। अपनों और अपने उत्सवों के प्रति प्रेम, श्रद्धा, भक्ति का प्रदर्शन करने के लिए मन मेंप्रेम नहीं, अपने मोबाइल से उत्सव के संग सेल्फी लेने की कुशल तकनीक होनी चाहिए बस! प्रेम, श्रद्धा, भक्ति तो अब बीते जमानों के शब्द हो गये हैं। जिसके पास यह तकनीक जितनी बेहतर है वह अपनों, अपनी परंपराओं, उत्सवों के संरक्षण में उतना ही माहिर। वैसे मैं आजादी के उत्सव का महीना आने से पहले ही दूसरे सारे जरूरी काम स्थगित कर सोचने लग गया था कि अबके किसके साथ सेल्फी ले अपने फेसबुक अकाउंट पर डालूं। देश को आजाद करवाने वालों के साथ या फिर तिरंगे के साथ। या फिर देश को चरने-चराने वाले की तस्वीर के साथ। फिर सोते सोचते मैंने सोचा कि आजादी के महोत्सव वाले दिन तिरंगे के साथ वाली सेल्फी ही अच्छी रहेगी। जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद करवाया था, उनको आज जानते ही कितने हैं? वे भी नहीं जानते जो उनकी बीजी फसल जनता के हाथों में दराटियां दे काट रहे हैं। सो मैंने फाइनली तय किया कि तिरंगे के साथ सेल्फी ले उसे अपने फेसबुक अकाउंट पर अपलोड कर मैं भी देशभक्त हो जाऊं। यह दूसरी बात है कि आजादी के इस दिन के आसपास अबके पहले से अधिक फेसबुक पर देशभक्तों की बाढ़ आ गई है। फेसबुक के सब्र का बांध टूटने के कगार पर है। जो रात को देश को पूरा चाट कर सो रहे हैं वे सुबह अव्वल दर्जे के देशभक्त बन फेसबुक पर कुल्ला, जीभमंजन कर रहे हैं। गूगल पर तिरंगों की फोटुओं की भीड़ में मैंने अपने थोबड़े से बेस्ट सूट करता तिरंगा डाउनलोड़ कर सेव किया और फिर उसे फोटोशॉप पर जाकर अपने माथे पर, गालों पर, छाती पर कट पेस्ट कर लगा लिया। बस, अब इसे फेसबुक पर डालने की देर थी। इधर मैंने पूरी मुस्तैदी से तिरंगे के साथ वाली अपनी फोटों फेसबुक पर डाली कि उधर से मेरी देशभक्ति को लेकर मेरी जमात के फेसबुकिया देशभक्तों का समुद्र उमड़ पड़ा। आह! कितना ग्रेट देशभक्त हूं मैं!



अशोक गौतम

# युगधर्म के संस्थापक और पूर्णावतार हैं भगवान कृष्ण



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष

**अरुण कुमार दीक्षित**

श्री कृष्ण पूर्णावतार हैं। श्रीकृष्ण भारतीय संस्कृति के सर्वाधिक प्रभावशाली इतिहास पुरुष हैं। कृष्ण का महाभारत, गीता, भागवत, विष्णु पुराण, ब्रह्मवैवर्त पुराण, पद्म पुराण, भक्तिकालीन महाकाव्यों, संस्कृत साहित्य में मुख्य रूप से वर्णन है। कृष्ण भारतीय संस्कृति के संरक्षक हैं। कृष्ण युग धर्म के संस्थापक हैं। वे भारत की गौरवशाली संस्कृति के स्तम्भ हैं। श्रीकृष्ण जी नेकहाहै कि यह जो जगत है उसका कारण मैं ही हूं। इस तरह अंतरिक्ष एक नहीं, अनेक हैं। सूर्य भी अनेक हैं। यह वायु हम ही हैं। सम्पूर्ण प्राणियों का बीज मैं ही हूं। आपको वृक्ष दिखाई देते हैं। वृक्षों में अश्वत्थ (पीपल) मैं ही हूं। तेज वायु में वृक्ष झुक रहे हैं फिर सीधे तन रहे हैं, पुनः खड़े हो रहे हैं, मैं ही हूं। वृक्षों में पुष्प आ रहे हैं, वह हम ही ला रहे हैं। पुष्पों की गन्ध -सुगंध हम ही हैं। पुष्पों से बीज बन रहे हैं, हम ही बीज हैं। नदियां कल-कल निनाद करती बह रही हैं, वह हम ही हैं। उनकी लहरें मैं ही हूं। सूर्य रश्मियों में जो धवल जगमग है, वह भी मैं हूं। सूर्य तो हूं ही, चंद्रमा भी मैं ही हूं। कृष्ण बड़े अदभुत दिखाई पड़ते हैं वह कहते हैं आकाश भी हम हैं।

तारे-नक्षत्र भी मैं ही हूं। पृथ्वी मैं हूं। सागर भी मैं हूं। वेदों में साम हूं। ऋतुओं में बसंत हूं। यह जो कुछ दिखाई देता है जगत में, जो दृश्यमान हो रहा है, वह हम ही हैं। मगर वह यह नहीं कह रहे हैं कि केवल मैं ही हूं। जब यह कहते हैं कि सब दिशाओं में मैं ही हूं तब यह भी कह रहे हैं कि तू भी है। और तू है वही मैं भी हूं। यह बात बिल्कुल उपनिषदों की तरह की मैं ही ब्रह्म हूं। और जब कृष्ण कह रहे हैं कि मैं ब्रह्म हूं तो तुम भी तो ब्रह्म हो। वह विराट हैं। कोई शब्द देना पड़ेगा विराट उनके लिए छोटा हो सकता है। कृष्ण को समझने के लिए विराट दृष्टि होनी चाहिए तभी समझ आ सकती है। कृष्ण महाभारत युद्ध में अर्जुन के सारथी हैं। वे पूर्ण अवतार कृष्ण अपने शिष्य अर्जुन का रथ हांक रहे हैं। यह बहुत बड़ी घटना है कि वह नीचे बैठे हैं रथ में। और अर्जुन उनका मित्र है। शिष्य है। सखा है वह ऊपर बैठा है। युद्ध में भगवान नीचे बैठे हैं। घोड़ों की लगाम उनके हाथ में है।

भारतीय सनातन दर्शन में पूरी सृष्टि की लगाम नियंत्रण उस एक के हाथ में ही है। ऋषि और ज्ञानी जन यही कहते आये हैं। और अर्जुन रथ पर है। ऊपर बैठा है। कृष्ण नीचे बैठे हैं। इस तरह से बैठे हैं कि वह पहले से ही तय कर चुके हैं कि वह युद्ध में पूरा का पूरा हैं मगर पूरी महाभारत में कि कृष्ण युद्ध नहीं करेंगे। यह और हैरानी की बात है। कृष्ण को यहां समझ सकते हैं कि वह निरहंकारी ही हैं। अहंकार होता तो वह ऊपर बैठते। अर्जुन नीचे बैठता। अर्जुन को युद्ध में सुविधा होती कि कहीं भागना न पड़ जाए। मगर कृष्ण नीचे बैठने को राजी हैं। वह बैठे ही नीचे हैं। युद्ध के आरंभ के पूर्व दोनों सेनाएं आमने-सामने हैं। अनेक प्रकार के शंखनाद हो रहे हैं। अर्जुन देखता है कि रिश्तेदार नातेदार, उनके मित्र, मित्रों के भी मित्र हैं। पुत्र खड़े हैं। उनके भी पुत्र हैं। दादा हैं। परदादा हैं। जिन्होंने युद्ध विद्या दंडनीति, सिखाई। शिक्षा बताई, वह भी हैं। युद्ध को तत्पर हैं। वे सभी युद्धमें मारे जाएंगे। अर्जुन विषाद में घिर जाता है। कृष्ण से प्रश्न करता है कि यह सभी युद्ध में मारे जाएंगे, ऐसे तो संपूर्ण विश्व की राज्य भूमि मिले तो भी वह युद्ध नहीं करेगा। कृष्ण समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि तू क्षत्रिय है। क्षत्रिय धर्म युद्ध ही है। युद्ध नहीं किया तो अपकीर्ति होगी तेरी। मृत्यु तो पूर्व से निश्चित है। तू युद्ध लड़ते मर गया तो कीर्ति होगी। योद्धा की तरह। शोक कायर करते हैं। युद्ध से मृत्यु से डरते हैं। तू क्यों चिंतित होता है तू तो क्षत्रिय है। तू निमित्त मात्र है तू कर्म कर फल की चिंता न कर। वे कहना चाहते हैं। अर्जुन से कि तू भाग रहा है। कहां जा रहा है? वहां भी मैं हूं।

कृष्ण को व्यक्तित्व के खांचे में नहीं लाया जा सकता। उन्हें सब स्वीकार है। लगता है वही साक्षी भाव है। महाभारत युद्ध हुआ द्वापर में। उसी लग्न मुहूर्त में कृष्ण के वे शब्द अक्षर ब्रह्म हो गए। उन्हें ही गीता कहा गया। गीता सनातन का अन्तर्संगीत बनी। दुनिया भर के देश गीता पर विचार मंथन करने को तैयार हैं। कोई पांच हजार वर्ष पहले की बात है और अब तक यह गीता की यात्रा है। उसी को उपनिषद कह रहे हैं कि यह जो जगती में जगत है, वह सब ईश व्याप्त है। सब ईश्वर ही है। महाभारत में उनकी सेना शत्रु के पक्ष से है। यह इसके पहले तो नहीं हुआ होगा युद्ध में। आज तो असंम्भव ही है कि नेतृत्वकर्ता ही युद्ध नहीं करेगा तो कैसा युद्ध। मगर कृष्ण हैं तो युद्ध और शांति साथ -साथ हैं। अस्तित्व में सृजन-विध्वंस साथ-साथ प्रतिपल होता रहता है।

## आप की बात

### महिलाओं को धुएं से आजादी

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना से महिलाओं को चूल्हे के धुंए से आजादी मिली है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

**विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### बारिश से सड़कें खस्ताहाल

हर बरसात में सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने काम शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडर ग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने और मजबूत सड़क बनाने की जरूरत है।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

# भारत विभाजन की त्रासदी करोड़ों परिवारों ने झेली: प्रो. अनूप



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सिंधी अध्ययन केंद्र के सेमिनार हॉल में भारत विभाजन की विभीषिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन कुलपति कर्नल डॉ बिजेंद्र सिंह के निर्देशन में किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सिंधी अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. अनूप कुमार ने कहा कि भारत विभाजन की विभीषिका में करोड़ों लोगों को इस त्रासदी का दंश झेलना पड़ा। भारतीय नागरिकों को अपनी

**● भारत विभाजन की विभीषिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन**

मातृभूमि, भाषा, संपति, व्यापार छोड़कर रातों रात भागना पड़ा। लाखों लाख परिवार उजड़ गए अपने ही देश में लोगों को शरणार्थी बनकर भटकने के लिए मजबूर होना पड़ा। एक तरफ तीन सौ वर्षों की लंबी दासता की मुक्ति से आजादी की खुशी थी तो दूसरी तरफ पलायन, लूटपाट, नरसंहार और विभाजन की त्रासदी को भी सहना पड़ा। उत्तर प्रदेश सरकार भारत विभाजन की त्रासदी को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। जिससे आने वाली पीढियों को विभाजन की त्रासदी का ज्ञान हो सके। सिंधी अध्ययन केंद्र के सलाहकार सरल ज्ञापटे ने बताया कि भारत विभाजन की त्रासदी को लेकर अपने माता पिता एवं परिजनों के साथ घटी घटनाओं से जुड़े अमानवीय स्थिति को साझा करते हुए कहा कि उन तकलीफों को व्यक्त करना बेहद कठिन है।

विभाजन की विभीषिका को कवियों ने गाया, लेखकों ने लिखा, साहित्यकारों ने शब्दों में पिरोया लेकिन अब उसकी इतिहास को समझने की जरूरत है। आकाशवाणी से घोषणा हुई कि भारत का आधा बंगाल, आधा पंजाब और पूरा सिंध प्रांत पाकिस्तान में में चला गया। इस विभाजन में सबसे ज्यादा त्रासदी सिंध प्रांत के लोगों को झेलनी पड़ी। विभाजन की त्रासदी को आज की पीढ़ी अवश्य जाने और समझे। सिंधी परिवारों को अपनी मातृभूमि छोड़नी पड़ी। बहन बेटियों उनकी इज्जत आबरू बचाने के जहर तक देना पड़ा। इसके बाद भी बड़े पैमाने पर भीषण नरसंहार, और बलात्कार हुआ। परिवार के परिवार तहस नहस हो गए। सरल ज्ञापटे ने बताया कि इस विभाजन से सामाजिक, सांस्कृतिक ताना बाना बिखर गया। जन्मस्थान से बिछड़ने का जो नश्तर चुभता रहा अकल्पनीय है। कार्यक्रम का संचालन सरल ज्ञापटे ने किया। इतिहास संस्कृति पुरातत्व के डॉ. अवध नारायण ने बताया कि विभाजन की यह गाथा हमें चेतावनी देती है कि नफरत का कोई अंत नहीं होता और जल्दबाजी में लिए गए राजनीतिक फैसले पीढ़ियों तक घाव दे सकते हैं।

## विभाजन विभीषिका के प्रत्यक्षदर्शी सिंधी समाज के परिवारों को किया गया सम्मानित



**अयोध्या।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर अयोध्या महंत गिरीश पति त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान मसौधा में आयोजित किया गया। साथ ही विभाजन विभीषिका के प्रत्यक्षदर्शी सिंधी समाज के परिवारों को भी सम्मानित किया गया।

महापौर। महंत गिरीपति त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय इतिहास के काले अध्यायों में से एक अध्याय भारत विभाजन की त्रासदी है, जिसने भारत के दो टुकड़े कर हर भारतीय को गहरा आघात पहुंचाया, जिसने सदियों से कायम सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एक सांस्कृतिक एकजुटता को पल भर में खण्डित कर दिया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के साथ-साथ अन्य ऐतिहासिक घटनाओं का भी स्मरण रखना चाहिए, जिसे जो गलतियां पूर्व में हुई है और जिसकी पीड़ा हमारे पूर्वजों ने सही है वो आने वाली पीढ़ी को नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा भारत पूरे विश्व को धार्मिक आर्थिक ऐतिहासिक रूप में विकास कर रहा है और हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य वर्ष 2047 में भारत को विकसित भारत बनाने के लिए अग्रसर है।

मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि आज के दिन भारत और पाकिस्तान का विभाजन हुआ था। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर यह बहुत बड़ी त्रासदी थी जिन्होंने अपनों को खोया है भारत को दो विभाजन में बांट दिया गया था। उन्होंने कहा विभाजन किसी भी चीज का उसे समस्या ही होती है हमें एकता संगठन सामाजिक आर्थिक धार्मिक रूप से साथ रहना चाहिए। आज का यह दिन हमारी एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने के लिए है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा श्री संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष श्री कमलेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं प्रिंसिपल ट्रेनिंग सेंटर आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने डीजीपी से की मुलाकात




**अयोध्या।** विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने लखनऊ में प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण से भेंट की। मुलाकात के बाद विधायक गुप्ता ने बताया कि अयोध्या की कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन

**● सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर की चर्चा**

से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि अयोध्या अब राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र बन चुका है, जहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु व पर्यटक आते हैं। ऐसे में मजबूत और सतत सुरक्षा व्यवस्था बेहद जरूरी है।

विधायक गुप्ता के अनुसार, उन्होंने विशेष अवसरों धार्मिक उत्सव, पर्व और भीड़-भाड़ वाले आयोजनों के दौरान लगाए जाने वाले यातायात प्रतिबंधों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिए ये प्रतिबंध जरूरी हैं, लेकिन इसके साथ ही स्थानीय नागरिकों की दैनिक दिनचर्या पर पड़ने वाले असर को भी कम करना चाहिए। कहा कि सुरक्षा और सुविधा का संतुलन बनाए रखना ही हमारी प्राथमिकता है। बताया कि उन्होंने डीजीपी से अयोध्या में यातायात योजना को इस तरह तैयार करने का आग्रह किया, जिससे तीर्थयात्रियों को मंदिर दर्शन में आसानी हो और शहरवासियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने महत्वपूर्ण स्थलों और मार्गों पर बेहतर यातायात संकेत, वैकल्पिक मार्ग और पार्किंग सुविधाएं बढ़ाने का भी सुझाव दिया।

## सम्मानित किये गये विस्थापित परिवारों के सदस्य



**बहराइच।** भारत-पाक बंटवारे की भयानक त्रासदी में अपने प्राणों की आहूति देने वाले नागरिकों के सम्मान तथा भयानक त्रासदी का दंश झेलने वाले परिवारों को ढ़ाढस बंधाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर कपूरथला में नवनिर्मित मल्टी परपज स्किल डेवलपमेन्ट उत्थान( आडिटोरियम ) में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के

**● शहीद स्मारक तक निकाला गया मौन जुलूस**

अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद डॉ अशोक बाजपेयी ने सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच श्रीमती सुधा देवी के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल व अन्य अतिथियों के साथ विस्थापित परिवारों के सदस्यों वेद प्रकाश अरोरा, सरदार धर्मवीर सिंह, श्रीमती हरबीर कौर, सरदार भूपेंद्र सिंह, सरदार मनदीप सिंह, सुशील भल्ला, कुलभूषण अरोरा, मनीष मल्होत्रा, सरदार इन्द्रजीत सिंह, सरदार जसबीर सिंह, राजेश मन्सानी व डॉ. गर्वित मल्होत्रा को अंगवस्त्र व मोमेन्टो भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभाजन की विभीषिका पर आधारित चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी तथा डाक्यूमेन्ट्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। चित्र प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉ अशोक बाजपेयी, सांसद बहराइच डॉ. आनन्द गोंड, कुलभूषण अरोड़ा, प्रोफेसर कृष्ण कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्रेरणा से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन जहां विभाजन की त्रासदी से पीड़ित परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक माध्यम है। ऐसे आयोजन से एकता अखण्डता व आपसी भाईचारा एवं सौहार्द की भावना बलवती होती है। विभाजन के दर्द को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। विभाजन की त्रासदी में प्राण गवाने वाले हजारों नागरिकों का नमन करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति भी अपनी सद्भावना व्यक्त की। वक्ताओं ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ अनेकों कल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ देश तेजी के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है। इससे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के आयोजन के उद्देशों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत किया। जबकि कार्यक्रम के अन्त में भाजपा महामंत्री नन्हे लाल लोधी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। राहुल राय ने अन्य अतिथियों के साथ मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वंदेमातरम तथा समापन राष्ट्रगान के गायन से किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव, ईओ प्रमिता सिंह व अन्य अधिकारी, क्षेत्र पंचायत प्रमुखगण, गणमान्य व संभ्रान्तजन, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्र, मीडिया प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपरान्त आडिटोरियम से शहीद स्मारक तक मौन जुलूस भी निकाला गया।

## भ्रष्टाचार के तंत्र में जकड़ा है एआरटीओ कार्यालय

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** एआरटीओ कार्यालय मे व्याप्त भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियो के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर श्री अवध बिहारी मिश्र सेवा ट्रस्ट के बैनर तले अधिवक्ताओ ने जिलाधिकारी शाशंक त्रिपाठी को

**● कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओ ने सौपा ज्ञापन**

ज्ञापन सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि एआरटीओ कार्यालय मे लाइसेंस आवेदन, फिटनेस, परमानेट लाइसेंस बनवाने मे भारी भ्रष्टाचार है। यंहा तैनात कर्मचारियो की मिली भगत से प्राइवेट कर्मचारी काम करते है और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते है। यंहा तक की समय से न्यायालय मे चालान/सीजर भी नही भेजे जाते। कार्यवाही के नाम पर कार्यालय के अन्दर तैनात कर्मचारियो के सहयोगियो को बचाने का काम किया जाता है। जबकि बाहर अपनी जीविकोपार्जन करने वाले आनलाइन फार्म भरने वालो को पकड़कर अपनी पीठ थपथपा ली जाती है। ज्ञापन देने वालो मे अधिवक्ता रितेश मिश्रा, संजय गांधी, रितेश कुमार, मनोज तिवारी, पंकज रावत, शुभम शर्मा, आसिफ, फरहत फातिमा, सुमन, रानी कश्यप, मो0 ताहिर, शशिकांत अवस्थी, अमित कुमार, राहुल मिश्र, मोहित मिश्रा, राम सजीवन वर्मा, शिव कुमार यादव, अभिषेक शुक्ला, हारून मौजूद रहे।

## अयोध्या में खाद वितरण का बना नया रिकॉर्ड

**अयोध्या।** योगी सरकार की सक्रिय निगरानी और बेहतर आपूर्ति व्यवस्था के चलते खरीफ सीजन 2025 में अयोध्या जिले ने खाद वितरण में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। 13 अगस्त तक जिले में कुल 85,572 मीट्रिक टन उर्वरक का उपलब्धत किया गया, जो पिछले साल की इसी अवधि (81,669 मीट्रिक टन) की तुलना में करीब 5 प्रतिशत अधिक है। सरकार की प्राथमिकता सूची में किसानों को

**● खरीफ 2025 में अब तक 85,572 मीट्रिक टन उर्वरक वितरण**

समय पर खाद उपलब्ध कराना सबसे ऊपर है और इसी दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी व प्रशासन की सक्रियता ने यह रिकॉर्ड बनाया है। इस बार किसानों को खरीफ सीजन की शुरूआत में ही पर्याप्त खाद मिल गई, जिससे बुवाई और पोषण कार्य समय पर शुरू हो गए। धान, मक्का, अरहर जैसी फसलों की वृद्धि में रुकावट नहीं आई। आंकड़ों के अनुसार,पिछले साल यूरिया की उपलब्धता 53,481 मीट्रिक टन और डीएपी की 7,645 मीट्रिक टन रही। इसके अलावा एमओपी, एनपीके और एसएसपी की आपूर्ति भी लक्ष्य से अधिक रही। सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं दोनों के माध्यम से यह आपूर्ति की गई है, जिससे किसानों को खाद लेने के लिए लंबी कतारों में खड़े होने की समस्या से राहत मिली है। योगी सरकार ने शुरू से ही किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के लिए हर स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला प्रशासन ने न केवल वितरण केंद्रों पर निगरानी बढ़ाई है, बल्कि काला बाजारी और जमाखोरी पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

जिला कृषि अधिकारी ओ.पी. मिश्रा ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने ठोस कदम उठाए हैं। सहकारी समितियों और निजी डीलरों के माध्यम से लगातार आपूर्ति की जा रही है। हमारी टीम रोजाना वितरण की समीक्षा कर रही है ताकि किसी भी किसान को खाद के अभाव में परेशानी न हो। कई किसानों ने भी सरकार की इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि समय पर खाद मिलने से खरीफ फसलों की बुवाई और देखभाल में कोई बाधा नहीं आई।

## स्वतंत्र भारत की खुली हवा में सांस लेना सौभाग्य: अनूप मल्होत्रा



**अयोध्या।** स्वतंत्र भारत की खुली हवा में सांस लेना सौभाग्य की बात है । आजादी मिलने में वीर शहीदों के बलिदान को सदैव नमन किया जायेगा। उक्त विचार राजा मोहन महिला महाविद्यालय में यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित आजादी के जश्न महोत्सव मे मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनूप मल्होत्रा ने व्यक्त किए । प्रादेशिक सांस्कृतिक संवर्धन कमेटी की चेयरमैन एवं प्राचार्या डॉ मंजूषा मिश्रा ने बैज एवं अंगवस्त्र प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता साकेत इकाई अध्यक्ष अनुज कुमार वैश्य भज्जा ने की। महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना के पश्चात स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। वही आजादी के रंग से सराबोर लोकगीत एवं लोकनृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति की गई, जिसकी सभी ने सराहना की। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं साक्षी प्रजापति, सुरभि श्रीवास्तव, नैन्सी, यशी श्रीवास्तव,तनु यादव एवं प्रभारी प्रोफेसर डॉ रोमा अरोड़ा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। आजादी के जश्न महोत्सव में साकेत इकाई उपाध्यक्ष शीतला पांडेय,प्रोफेसर रोमा अरोरा, प्रोफेसर सुषमा पाठक, प्रोफेसर सुधा राय, प्रोफेसर मीनू दूबे ,प्रोफेसर सुषमा शुक्ला , प्रोफेसर प्रज्ञा मिश्रा, प्रोफेसर कविता सिंह,डॉ ज्योतिमा सिंह आदि उपस्थित रहे।

## वैकल्पिक ऊर्जा के लिए सोलर रूफटाफ है श्रेष्ठ विकल्प: अक्षय त्रिपाठी

जिला संवाददाता



**बहराइच।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर की आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी नेडा सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि योजना अन्तर्गत 70 से 75 प्रतिशत की प्रगति है अब तक 1150 लाभार्थी लाभान्वित हो चुके है तथा 2277 आवेदन पत्रों पर कार्यवाही प्रगति पर है। उन्होनें बताया कि जनपद में योजनान्तर्गत सोलर नेशन ग्रीन पावर सोलेशन, एमएस

**● सोलर उर्जा से आच्छादित होंगे शासकीय भवन**

भारत बैटरी वर्कस, पारस ट्रडर्स, इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट इण्डिया, आराध्या एजेन्सी, आर.के. मशीनरी स्टोर्स, रोहित सोलर एनर्जी, ए.के. इण्टर प्राइजेज, टेक्सफिलिक्स, टेक्नालोजी प्राइवेट लिमिटेड, गौरव बैटरी सर्विस, एम.एस. सुपर बैटरीज, सुपर बैटरी एण्ड इलेक्ट्रानिक वर्क, फलक एनर्जी,कलर मोबाइल वर्ल्ड, राव एजेन्सी, नक्षत्र स्मार्ट इको सोलेशन व ए.पी.एस. सोलर मल्टी सर्विसेज वेन्डर कार्य कर रहे है। डीएम ने वेन्डरवार समीक्षा करते हुए पीओ नेडा को निर्देश दिया कि वेन्डरवार प्रगति का वितरण उपलब्ध कराये साथ वेन्डरों के निर्देश दिये गये कि ऐसे लाभार्थियों जिनको सोलर पैनल की स्थापना के उपरान्त बिजली का बिल कम आ रहा है उसकी सक्सेज स्टरी तैयार कराकर उपलब्ध कराये तााकि उसका प्रचार प्रसार कराया जा सके। डीएम ने पीओ नेडा को निर्देश दिया कि जनपद में बिजली का बिल जमा करने वाले केन्द्रों पर पीएम सूर्य घर योजना से सम्बन्धित बैनर, पम्पलेट, पोस्टर इत्यादि प्रचार सामग्री लगायी जाय। इसके अलावा निकायों के कार्यलयों व अन्य शासकीय कार्यालयों में भी प्रचार-प्रसार किया जाय। ताकि अधिक से अधिक लोग योजना से लाभान्वित हो सके। डीएम ने सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना के सम्बंध में निकायो के अधिशाषी अधिकारियों के साथ अलग से बैठक करने के लिए पीओ नेडा को निर्देश दिये। उन्होनें यह भी निर्देश दिया कि जिले के सभी शासकीय भवनों, विद्यालयों में भी सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना की जाय। डीएम ने अधि.अभि. विद्युत वितरण खण्ड बहराइच, नानपारा व कैसरगंज निर्देश दिया कि विद्युत उपभोक्ता की मोबाइल नम्बर सहित सूची उपलब्ध कराये ताकि उपभोक्ताओं को सोलर रूफटाप स्थापना के लिए भी प्रेरित किया जा सके। डीएम ने सुझाव दिया कि जनपद के उद्यमियों, व्यापारियों, प्रगतिशील किसानों व अन्य सक्षम व्यक्तियों को योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय कर अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित किया जाय। सोलर रूफटाप स्थापना के लिए इच्छुक व्यक्ति जन समर्थ पोर्टल के लिंक जनसमर्थ डाट इन/सोलर-रूफ-टाप-स्कीम पर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। डीएम ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कोई भी व्यक्ति अपने एण्ड्रायड मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सम्बन्धित पीएम सूर्य घर ऐप व आइओएस पीएम-सूर्य घर ऐप को डाउनलोड कर सकते हैं इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, डीएसटीओ घासीराम, एलडीएम जितेन्द्र मसंद सहित अधि. अभि. विद्युत वितरण खण्ड बहराइच, नानपारा, कैसरगंज व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## 79वें स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**बहराइच।** जनपद में 79वें स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों का श्रीगणेश प्रातः 06:00 बजे क्रांस कन्ट्री दौड़ तथा 06:30 बजे इण्टरमीडियट में अध्ययनरत एनसीसी कैडेट्स द्वारा निकाली जाने वाली प्रभात फेरी से होगा। प्रातः 08:00 बजे समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी इमारतों तथा शिक्षण संस्थाओं पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जाय। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर वीरों का वन्दन करने के भाव के साथ स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों, सशस्त्र सेना, अर्द्ध सैनिक बल, सशस्त्र पुलिस बल के पुरस्कृत वीरों व शहीदों के आश्रितों व पूर्व सैनिकों को जिला, तहसील व ब्लाक मुख्यालयों पर सम्मानित किया जायेगा। पूर्वान्ह 08:05 बजे सेनानी भवन परिसर में स्थापित त्रिमूर्तियों पर माल्यार्पण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुलिस बैण्ड द्वारा देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति की जायेगी। पूर्वान्ह 09:10 बजे शहीद पार्क/डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क में स्थापित प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जायेगा। पूर्वान्ह 11:00 बजे महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय स्थित रक्त बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम हेतु पंजीकरण, जन-जागरण एवं रक्तदान तथा मरीजों को फल वितरण जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान हेतु पंजीकरण तथा मरीजों को फल का वितरण किया जायेगा। इसी समय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम कक्ष में विचार गोष्ठी व कृषि विज्ञान सभागार में किसान सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा तथा सॉय 05:00 बजे नगर पालिका हॉल में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा समस्त एसडीएम/तहसीलदारों तथा बीडीओ को निर्देश दिया गया है कि इसी प्रकार के आयोजन तहसील व ब्लाक मुख्यालयों पर भी किये जाए तथा सभी ग्राम प्रधानों को पंचायत भवनों पर ध्वजारोहण तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित करने के सम्बन्ध में अपने स्तर से निर्देशित कर दें।

## डग्गामार बसें दो सीज




**बाराबंकी।** परिवहन विभाग एंव जीएसटी विभाग की संयुक्त टीम ने डग्गामार के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बिना परमिट एंव नियमों का उल्लंघन कर यात्रियों को ढोते मिलने पर 2 डग्गामार बसो को सीज किया गया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज बृहस्पतिवार को यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी एंव सहायक आयुक्त राज्यकर बाराबंकी सुरेद्र कुमार की संयुक्त टीम ने लखनऊ-अयोध्या मार्ग पर चेकिंग के दौरान अनियमितता मिलने पर दिल्ली से गोरखपुर जा रही डबल डेकर बस संख्या बीआर 06 पीजी 6284 समेत 2 बसो को नवीन बस अड्डा मे सीज किया। तथा यात्रियो को दूसरे वाहन से गतव्य की ओर रवाना करवाया।

## एजेंसी संचालक को जान से मारने की धमकी

**अयोध्या।** पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम मथुरा का पुरवा निवासी प्रवीण कुमार पुत्र माताफेर ने पुलिस को शिकायत देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में प्रवीण का कहना है कि वह हाइवे पुलिस चैकी के सामने चैहान मार्केट मे बाइक एजेन्सी का संचालन करता है। 11 अगस्त समय करीबन 7 बजकर 21 मिनट पर उसके मोबाइल पर एक मोबाइल नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने पहले गाडी के क्लेम के विषय में बात की और फिर गाली गलौज करते हुए उसको तथा परिवार को मार डालने की धमकी देने लगा। साथ ही एजेंसी में आग लगा देने की धमकी भी दी। मामले की शिकायत हाईवे पुलिस चैकी प्रभारी से की थी लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।

## करंट व सर्पदंश से दो की मौत

**अयोध्या।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में विद्युत करेंट और सर्पदंश से एक युवक तथा एक महिला की मौत हो गई। जिला अस्पताल के इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के ठठरिइया चैक निवासी 38 वर्षीय शहजादे पुत्र अब्दुल खालिक को उसका भाई मोहम्मद सैफ लेकर आया था परीक्षण में पता चला कि शहजादे की मौत हो चुकी है। परिवार के मुताबिक वह विद्युत करंट का शिकार हो गया था। वही इनायत नगर थाना क्षेत्र के मलेथू बुजुर्ग निवासी बुजुर्ग महिला शकुंतला 60 वर्ष पत्नी स्वर्गीय रामराज को उसका बेटा आसाराम लेकर आया था। जांच में शकुंतला मृत मिली। परिवार का कहना है कि उसको किसी सांप ने काट लिया था। अग्रिम विधिक कार्यवाई के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया गया है।

## पुलिस ने निकाली तिरंगा यात्रा रैली



*बहराइच।* आगामी 79वें स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत हर घर तिरंगा अभियानतहत जनपद बहराइच के थाना को0 नगर से थाना दरगाह शरीफ तक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगरश्री रामानन्द कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित इस रैली का उद्देश्य राष्ट्रप्रेम को जागृत करना है। आगामी 79 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ह्लहर घर तिरंगाह्व अभियान के अंत र्अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय श्री रामानन्द कुशवाहा के निर्देशन में तिरंगा यात्रा रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य आमजन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना तथा प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना रहा। यह रैली जनपद बहराइच के थाना को0 नगर से प्रारंभ होकर थाना दरगाह शरीफ तक निकाली गई। रैली में क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी लाइन, को0 नगर प्रभारी व थाना दरगाह शरीफ सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी पुलिसकर्मियों ने हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ फ्लैग मार्च किया।

इस तिरंगा रैली के माध्यम से पुलिस ने ह्लहर घर तिरंगाह्व अभियान को सफल बनाने की अपील की और लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया। समूचा वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत हो उठा और जनमानस में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत हुई। इस अवसर पर लोगों ने भी रैली का स्वागत करते हुए पुलिस के इस प्रयास की सराहना की।

## जनता दर्शन में डीएम ने सुनी शिकायतें



**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न हो। जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेंशन, विद्युत, जलापूर्ति, सड़क मरम्मत, स्वास्थ्य सुविधा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे सामने आए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाए और शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए।




वॉयस ऑफ लखनऊ
लखनऊ, शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025
voiceoflucknow@gmail.com

## संक्षेप

### सुमित कप्तान और आशु उप-कप्तान नियुक्त

नई दिल्ली। यूपी योद्धाज ने स्टार डिफेंडर सुमित सांगवान को टीम का कप्तान और आशु सिंह को उप-कप्तान नियुक्त किया है। यह घोषणा आगामी प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए की गई है। सुमित (26) और आशु (27) दोनों ने अपने करियर की शुरूआत सीजन 7 में यूपी योद्धाज के साथ न्यू यंग प्लेयर्स के रूप में की थी। तब से वे टीम की डिफेंस लाइन के मजबूत स्तंभ बन चुके हैं। उनका यह सफर, प्रतिभाशाली डेब्यू खिलाड़ियों से टीम के नेताओं तक पहुंचना, जीएमआर स्पोर्ट्स की लॉयल्टी, परफॉर्मेंस और सतत विकास पर आधारित लंबी अवधि की खिलाड़ी-तैयारी नीति का प्रमाण है।

### स्पार्क गो 5जी हुआ लॉन्च

नयी दिल्ली। टेक्नो ने स्पार्क गो 5जी लॉन्च किया है। यह एक शक्तिशाली, स्टाईलिश और भरोसेमंद 5जी डिवाईस है, जो भारत की महत्वाकांक्षी डिजिटल पीढ़ी के लिए बनाई गई है। छोटे शहरों में ऑनलाईन क्लास लेने वाले विद्यार्थी हों या गलियों में रील बनाने वाले क्रिएटर, या फिर नौकरी करने तथा प्रोजेक्ट बनाने वाले प्रोफेशनल, स्पार्क गो 5जी हर किसी को किफायती मूल्य में एक बेहतरीन स्मार्ट डिवाईस प्रदान करता है।

### बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर नयी थ्रिलर का प्रदर्शन

नयी दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस से पहले, मुंबई का मशहूर बांद्रा-वर्ली सी लिंक, जॉन अब्राहम की बहुप्रतीक्षित थ्रिलर तेहरान के शानदार पोस्टर से जगमगा उठा। जी5 पर फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले यह नजारा देखने लायक था– जिसने वहां से गुजरने वालों और राहगीरों को रुकने पर मजबूर कर दिया, और सबने अपने फोन निकालकर इस नजारे की तस्वीरें खींचीं। इस खास प्रोजेक्शन ने स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के देशभक्ति के उत्साह को एक रोमांचक जासूसी फिल्म की ऊर्जा के साथ जोड़ दिया। जब सी लिंक मुंबई के रात के अँधेरे में रोशनी से चमका, तो यह एक ऐसा पल बन गया, जहां राष्ट्रीय गर्व और फिल्मी नजारे का अनोखा मेल देखने को मिला– एक ऐसा अनुभव जो खुशी और रोमांच से भरा था।

### सलाकार की जियोहॉट स्टार पर होगी स्ट्रीमिंग

मुंबई। जब जासूसी केवल एक मिशन न होकर कर्तव्य बन जाए, तब जन्म होता है सलाकार जैसे रोमांचक थ्रिलर का। जियोहॉटस्टार पर 8 अगस्त से स्ट्रीम हो रही यह हाई-ऑक्टेन सीरीज 1978 और 2025 के बीच घटित सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। इसकी कहानी अधीर नाम के एक अंडरकवर जासूस के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसने अतीत में पाकिस्तान की परमाणु योजना को नाकाम किया था और अब, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में, उसी मिशन की परछाइयों और नई चुनौतियों का सामना कर रहा है। वफादारी को हथियार और खामोशी को सहारा बनाकर, सलाकार निजी दुश्मनी और राष्ट्रीय कर्तव्य का रोमांचक संगम पेश करती है। इस सीरीज में नवीन कस्तूरिया, मौनी रॉय और मुकेश ऋषि अहम भूमिकाओं में हैं। इसका निर्देशन फारूक कबीर ने किया है।

### ब्लेंडर्स प्राइड फॉर एलिमेंट्स ने रजत पदक जीता

नई दिल्ली। एक सच्चे आइकन के रूप में भारतीय उपभोक्ताओं के विकसित होते स्वाद की बदौलत आकार लेने वाले बाजार में गुणवत्ता और शिल्प कौशल के लिए मानक स्थापित करना जारी रखा हुआ है। ब्लेंडर्स प्राइड फोर एलिमेंट्स की चार अलग-अलग शैलियों और चुनिंदा भारतीय ग्रेन स्पिरिट्स के साथ एक विशेषज्ञ रूप से तैयार किया गया ब्लेंड है और जटिलता और प्रतिभा के एक परिष्कृत सामंजस्य का सृजन करता है 2025 अंतर्राष्ट्रीय व्हिस्की प्रतियोगिता में ब्लेंडर्स प्राइड फोर एलिमेंट्स के साथ हमारी कामयाबी हमारे लिए बेहद गर्व का क्षण है।

### एक मौलिक बदलाव की जरूरत

बंगलुरू। जहाँ एक ओर डिजिटल दुनिया क्लिकबेट, मनगढ़ंत हेडलाइंस और केंद्रीकृत नैरेटिव्स से अटी पड़ी है, वहीं पिनन्यूज एक मौलिक बदलाव लेकर आया है खबरें अब ऊपर से नहीं, नीचे से उठेंगी, सीधे आम आदमी की जमीन से, उसकी आवाज बनकर। पिनन्यूज एप को सीधे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते है और सीधे अपनी खबरों का विडियो बनाकर पोस्ट कर सकते है।

# पीएसजी ने यूईएफए सुपर कप जीता

## फुटबॉल : नूनो मेंडेस ने शूटआउट में निर्णायक स्पॉट किक को गोल में बदलकर पीएसजी की शानदार वापसी को अंजाम तक पहुंचाया

एजेंसी




पेरिस। चैंपियंस लीग के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए बुधवार को पेनल्टी शूटआउट में टॉटेनहैम को हराकर यूईएफए सुपर कप जीत लिया जो फ्रांस के इस फुटबॉल क्लब की वर्ष 2025 में पांचवी ट्रॉफी है। नूनो मेंडेस ने शूटआउट में निर्णायक स्पॉट किक को गोल में बदलकर पीएसजी की शानदार वापसी को अंजाम तक पहुंचा। पीएसजी की जीत एक समय असंभव लग रही थी क्योंकि चैंपियंस लीग और यूरोपा लीग के विजेताओं के बीच खेले गए इस वार्षिक मैच में टॉटेनहैम निर्धारित समय के 85वें मिनट तक 2-0 से आगे चल रहा था। ली कांग-इन ने निचले कोने में जोरदार शॉट लगाकर पीएसजी के लिए पहला गोल किया जबकि उनके साथी खिलाड़ी गोंकालो रामोस ने इंजरी टाइम के चौथे मिनट में बराबरी का गोल दागकर उडीन के स्टेडियो फ्रीउली में खेले गए इस रोमांचक मैच में स्कोर 2-2 कर दिया। पेनल्टी शूटआउट में पीएसजी के लिए विटिना पहले प्रयास में चूक गए। इसके बाद टॉटेनहैम शूटआउट में 2-0 की बढ़त बनाकर फिर से उलटफेर करने की स्थिति में आ गया। लेकिन उसके खिलाड़ी मिकी वैन डे वेन और मैथिस टेल पेनल्टी को गोल

### विश्व कप : गेंदबाजी को निखार रहे हैं मैक्सवेल

केर्न्स (ऑस्ट्रेलिया)। ऑस्ट्रेलिया के करिश्माई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अगले साल भारतीय उपमहाद्वीप में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए पावरप्ले के ओवरों में अधिक प्रभाव छोड़ने के लिए अपने स्पिन गेंदबाजी कौशल को निखार रहे हैं। टी20 विश्व कप 2026 में भारत और श्रीलंका में आयोजित किया जाएगा और अगर मैक्सवेल फिट रहते हैं तो उनका ऑस्ट्रेलिया की टीम में जगह बनाना तय है। वह नियमित रूप से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलते रहे हैं।

## गिल ने इंग्लैंड में किया सराहनीय प्रदर्शन : युवराज

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह को लगता है कि हाल के इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल का प्रदर्शन अविश्वसनीय था क्योंकि पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले विदेशी हालात में उनकी बल्लेबाजी पर सवाल उठाए जा रहे थे। हाल में एंडरसन-तेंदुलकर टेस्ट श्रृंखला के दौरान गिल ने चार शतक बनाए और 754 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे। इस उपलब्धि ने उन्हें सेना देश में टेस्ट श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाला पहला एशियाई बल्लेबाज बना दिया और इस प्रदर्शन ने मेहमान टीम को पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराने में मदद की। भारत के तीन दिग्गज विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के लंबे प्रारूप के क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद 25 वर्षीय गिल ने इस मुश्किल दौरे पर युवा टेस्ट टीम का नेतृत्व किया। युवराज ने महिला क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट के 50 दिन की उलटी गिनती पर आयोजित 50 डेज टू गो कार्यक्रम के इतर आईसीसी डिजिटल से कहा उनके विदेशी रिकॉर्ड पर कई सवालिया निशान थे। वह (गिल) कप्तान बने और चार टेस्ट शतक जड़े।

यह अविश्वसनीय है कि जब आपको जिम्मेदारी दी जाती है तो आप उसे कैसे लेते हैं। उन्होंने कहा इसलिए मुझे उन पर (भारतीय टीम पर) बहुत गर्व है। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि यह हमारी जीत है, हालांकि यह श्रृंखला ड्रॉ रही क्योंकि यह युवा टीम है। और इंग्लैंड में जाकर खेलना और खुद को साबित करना आसान नहीं है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ज षभ पंत, आकाशदीप और अर्शदीप सिंह के चोटिल होने और उनके मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार के कारण केवल तीन मैच खेलने के बावजूद श्रृंखला में भारत का दृढ़ संकल्प दिखा और उन्होंने ओवल में पांचवें टेस्ट में छह रन से रोमांचक जीत हासिल कर श्रृंखला बराबर कर दी। गिल के मेंटोर (मार्गदर्शक) रहे युवराज ने कहा कि कोहली और रोहित जैसे खिलाड़ियों के बिना भी भारतीय टीम ने चुनौती का डटकर सामना किया।

# राज्य ओलंपिक संघों को फिर मिले मताधिकार



लखनऊ। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की बुधवार को नई दिल्ली में हुई विशेष आम सभा (एसजीएम) के बाद आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने राज्य ओलंपिक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। आईओए कार्यालय में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ खेल प्रशासक व उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय सहित विभिन्न राज्यों के ओलंपिक संघों के अध्यक्ष व महासचिवों ने शिरकत की। बैठक में राज्यों में ओलंपिक मूवमेंट को बढ़ाने व ओलंपिक खेलों के प्रचार व प्रसार की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने अनुरोध किया कि राज्य ओलंपिक संघों को पुनः मताधिकार दिया जाये। उन्होंने कहा कि इससे राज्य संघों की स्वायत्तता मजबूत होगी और देशभर में ओलंपिक खेलों के प्रचार-प्रसार का लक्ष्य साकार करने में मदद मिलेगी। इस पर आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने इस मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया जिसका बैठक में मौजूद राज्य ओलंपिक संघों के प्रतिनिधियों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।

❍ डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने आईओए बैठक में की मांग

बैठक के दौरान भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व महासचिव राजीव मेहता ने राज्य ओलंपिक संघों को मताधिकार देने की पुरजोर मांग की और विभिन्न खेल संघों में चल रहे विवादों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि विवादों का निपटारा भारतीय ओलंपिक संघ के संविधान, ओलंपिक चार्टर और राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक-2025 के अनुरुप किया जाये ताकि भारतीय खेल सुचारू रूप से आगे बढ़ सके।

## अर्थ/विविध

# सेंसेक्स में 58 अंकों की उछाल



मुंबई। अमेरिका-रूस वार्ता से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। सेंसेक्स में 58 अंक और निफ्टी में 12 अंक की मामूली तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स दूसरे दिन भी बढ़त बनाए रखते हुए 57.75 अंक यानी 0.07 प्रतिशत चढ़कर 80,597.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 211.27 अंक बढ़कर 80,751.18 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 11.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत बढ़कर 24,631.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से इटर्नल, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व और टाइटन के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। हालांकि, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। इसके साथ ही कारोबारी सप्ताह का समापन छह हफ्तों के बाद बढ़त पर हुआ। सेंसेक्स में इस सप्ताह कुल 739.87 अंक यानी 0.92 प्रतिशत की तेजी रही जबकि निफ्टी 268 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। वायदा अनुबंधों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन घरेलू शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद हुए। अमेरिका-रूस बैठक को लेकर निवेशकों का सतर्क रुख अपनाना इसका प्रमुख कारण रहा। हालांकि, अमेरिकी मुद्रास्फीति के नरम आंकड़ों से आईटी एवं दवा कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। बैंकों एवं टिकाऊ उपभोक्ता कंपनियों के शेयर भी खपत से वृद्धि की उम्मीद में चढ़कर बंद हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 15 अगस्त को होने वाली बैठक का ऊर्जा बाजारों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। ऐसी चर्चा है कि रूस पर लगे पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों में ढील दी जा सकती है। इस बीच, एसएंडपी ने लगभग 19 वर्षों के अंतराल के बाद भारत की सरकारी क्रेडिट रेटिंग में सुधार करते हुए स्थिर दृष्टिकोण के साथ बीबीबी कर दिया है।

# रुपया 10 पैसे टूटकर 87.57 प्रति डॉलर पर

मुंबई। आयातकों की ओर से डॉलर की निरंतर मांग के बीच रुपये पर दबाव बढ़ने से बृहस्पतिवार को यह शुरुआती बढ़त गंवाता हुआ 10 पैसे टूटकर 87.57 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी, आयातकों की ओर से डॉलर की मांग और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण रुपये ने शुरुआती बढ़त गंवा दी। इसके अलावा, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क मुद्दे पर अनिश्चितताओं के बीच समग्र नकारात्मक पूर्वाग्रह बना हुआ है।



अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.48 पर प्रति डॉलर खुला। दिन में 87.39 से 87.67 प्रति डॉलर के दायरे में घूमता रहा। अंत में यह 87.57 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 10 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 87.47 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 97.82 आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 57.75 अंक चढ़कर 80,597.66 अंक पर और निफ्टी 11.95 अंक की बढ़त के साथ 24,631.30 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65.95 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक बुधवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,644.43 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। घरेलू व्यापक आर्थिक मोर्चे पर साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को भारत की साख को स्थिर परिदृश्य के साथ बढ़ाकर बीबीबी कर दिया। रेटिंग एजेंसी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय मजबूती के लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता और महंगाई को काबू में लाने के लिए बेहतर मौद्रिक नीति उपायों का हवाला देते हुए 19 साल बाद भारत की रेटिंग बढ़ायी है।

# थोक मुद्रास्फीति जुलाई में घटकर शून्य से नीचे पहुंची



नयी दिल्ली। खाद्य वस्तुओं एवं ईंधन की कीमतों में गिरावट के बीच थोक मुद्रास्फीति जुलाई में दो साल के निचले स्तर शून्य से नीचे 0.58 प्रतिशत पर आ गई है। बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों के यह जानकारी मिली।

विशेषज्ञों ने हालांकि अनुमान लगाया है कि अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़ सकती है क्योंकि आधार प्रभाव कम हो जाएगा और मौसमी मूल्य वृद्धि जारी रहेगी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीओई) आधारित मुद्रास्फीति जून में शून्य से नीचे 0.13 प्रतिशत और जुलाई, 2024 में 2.10 प्रतिशत रही थी। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा, मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खनिज तेलों, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातुओं के विनिर्माण आदि की कीमतों में कमी के कारण थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में जुलाई में 6.29 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि जून में इनमें 3.75 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

# जुलाई में निर्यात 7.29 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच देश का निर्यात जुलाई में 7.29 प्रतिशत बढ़कर 37.24 अरब डॉलर हो गया लेकिन आयात बढ़ने से व्यापार घाटा आठ महीने के उच्चतम स्तर 27.35 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में देश का वस्तु निर्यात दो महीने की लगातार गिरावट के बाद रफ्तार पकड़ते हुए 37.24 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने देश का आयात भी 8.6 प्रतिशत बढ़कर 64.59 अरब डॉलर हो गया। इस वजह से व्यापार घाटा यानी निर्यात एवं आयात के बीच का फासला 27.35 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो नवंबर, 2024 के बाद सबसे अधिक है। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले चार महीनों (अप्रैल-जुलाई) में निर्यात 3.07 प्रतिशत बढ़कर 149.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि आयात 5.36 प्रतिशत बढ़कर 244.01 अरब डॉलर पर पहुंचा। इस तरह चार महीने की अवधि में कुल व्यापार घाटा 94.81 अरब डॉलर दर्ज किया गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद देश का वस्तु एवं सेवा निर्यात काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बर्थवाल ने कहा की वैश्विक निर्यात वृद्धि की तुलना में भारत का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

## आज का भारत स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर है: बिरला



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्वसंध्या पर बृहस्पतिवार को कहा कि आज का भारत स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर है। उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। बिरला ने अपने संदेश में कहा कि 15 अगस्त का यह दिन हर भारतीय के हृदय में गौरव, और आत्मसम्मान का भाव जगाता है। आज वह दिन है जब हम अपने अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों और राष्ट्रनायकों का आभार व्यक्त करते हैं जिनके संघर्ष, त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण हमें आज़ादी मिली। उन्होंने कहा कि यह देशवासियों के लिए गौरव का विषय है कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हम विज्ञान, चिकित्सा, तकनीक, अंतरिक्ष, खेल जैसे क्षेत्रों में विश्व के अग्रणी देश के रूप में उभरे हैं। आज का भारत स्वाभिमानी भारत है, आत्मनिर्भर भारत है।

## कैनरा बैंक ने मनाया 79वां भारतीय स्वतंत्रता दिवस



लखनऊ। कैनरा बैंक, लखनऊ सर्कल कार्यालय द्वारा कैनरा विद्या ज्योति छात्रवृत्ति वितरण समारोह एवं 79वां भारतीय स्वतंत्रता दिवस उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया और स्वतंत्रता दिवस की गौरवमयी परंपरा का उत्साहपूर्वक पालन किया गया। सहायक महाप्रबंधक विजय कुमार ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक, समाज कल्याण विभाग एवं यूपीएससीडीसी ने छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किये।

## पेज एक का शेष

### घाटी में बाढ़

मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), पुलिस, सेना और स्थानीय स्वयंसेवक सहयोग कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि मचैल माता मंदिर जाने वाले रास्ते के चशोती गांव में यह आपदा अपराह्न 12 बजे से एक बजे के बीच आई। हादसे के समय मचैल माता यात्रा के लिए बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए थे। साढ़े नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित मचैल माता मंदिर तक जाने के लिए श्रद्धालु चशोती गांव तक ही मोटर वाहन से पहुंच सकते हैं, उसके बाद उन्हें 8.5 किलोमीटर की पैदल यात्रा करनी होती है। चशोती गांव किश्तवाड़ शहर से लगभग 90 किलोमीटर दूर है। यहां श्रद्धालुओं के लिए लगाया गया एक लंगर (सामुदायिक रसोईघर) इस घटना से सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ। बादल फटने के कारण अचानक बाढ़ आ गई और दुकानों एवं एक सुरक्षा चौकी सहित कई इमारतें बह गईं।

### प्रदान की

सुदूर गांव में बृहस्पतिवार को बादल फटने की भीषण घटना से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। चशोती में दोपहर 12 बजे से अपराह्न एक बजे के बीच उस समय बादल फटा जब बड़ी संख्या में लोग मचैल माता मंदिर की यात्रा के लिए एकत्र हुए थे। चशोती से मंदिर तक की 8.5 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू होती है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,"जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में बादल फटने और बाढ़ से प्रभावित सभी लोगों के प्रति मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। बचाव और राहत अभियान जारी है। प्रधानमंत्री ने कहा,"जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### अमित शाह

कश्मीर के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री से बात की और उन्हें लोगों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने बताया कि सुदूरवर्ती चशोती गांव में बादल फटने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई तथा व्यापक क्षति हुई। शाह ने यह भी कहा कि स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य चला रहा है तथा राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई हैं।

### डिजिटल युग

कौशल को परंपरा के साथ जोड़ा गया है। मुर्मू ने कहा सरकार यह मानती है कि जीवन की बुनियादी सुविधाओं पर, नागरिकों का हक बनता है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचाने में प्रगति हो रही है। अपने तरह की विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य-सेवा योजना आयुष्मान भारत के अंतर्गत, विभिन्न कदम उठाए गए हैं। उन प्रयासों के परिणाम-स्वरूप स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में, हम क्रांतिकारी बदलाव देख रहे हैं। उन्होंने कहा, इस योजना के तहत अब तक 55 करोड़ से अधिक लोगों को सुरक्षा-कवच प्रदान किया जा चुका है। सरकार ने 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना की सुविधा उपलब्ध करा दी है, चाहे उनकी आय कितनी भी हो। स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच से जुड़ी असमानताएं दूर होने से गरीब और निम्न-मध्यम वर्ग के लोगों को भी सर्वोत्तम संभव स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में इस बात का जिक्र किया कि महात्मा गांधी ने भारतीय कारीगरों और शिल्पकारों के खून-पसीने से निर्मित और उनके अतुलनीय कौशल से युक्त उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी की भावना को मजबूत किया था। उन्होंने कहा, स्वदेशी का विचार मेक-इन-इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसे राष्ट्रीय प्रयासों को प्रेरित करता रहा है। हम सबको यह संकल्प लेना है कि हम अपने देश में बने उत्पादों को खरीदेंगे और उनका उपयोग करेंगे।

### विकसित भारत

तक चली। रात भर बारी-बारी संबंधित विभाग के मंत्री बोलते रहे। विपक्षी नेताओं ने भी अपनी बात रखी। रात में कई बार सत्ता और विपक्ष के नेताओं के बीच वाद-प्रतिवाद की भी स्थिति बनी। विधानसभा का मानसून सत्र अनिश्चितकालीन के लिए स्थगित हो गया। विधानसभा में विजन 2047 पर 24 घंटे से अधिक चली ऐतिहासिक चर्चा का समापन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भारत विकसित तब बनेगा, जब हर राज्य अपनी भूमिका निभाएगा और इसमें उत्तर प्रदेश सबसे आगे रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी ने गंभीरता और रुचिपूर्ण ढंग से बहस को सार्थक बनाया। उन्होंने कहा कि 24 घंटे से अधिक चली यह चर्चा लोकतंत्र की शक्ति और सदस्यों की गंभीरता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश केवल देश का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य ही नहीं।

### 'वन ट्रिलियन

लक्ष्य प्राप्ति का प्रमुख साधन बताया। उनका प्रेरणादायक और व्यावहारिक दृष्टिकोण पूरे कार्यक्रम में श्रोताओं को बांधे रखा। कार्यक्रम का समापन डॉ. बाजपेई को स्मृति चिन्ह प्रदान कर धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। ऐसे सारगर्भित शैक्षणिक आयोजनों के माध्यम से बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय समाज के उत्थान के लिए ज्ञान, नेतृत्व एवं नवाचार को निरंतर प्रोत्साहित करता आ रहा है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K

